

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर, गुरुवार 18 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष -42 ■ अंक-081 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये





संवाद आर.ओ.48176/8


## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बागबाहरा, 18 जून।** बागबाहरा थाना क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने पिकअप और ट्रक चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवाडीह निवासी टीकम ठाकुर (23 वर्ष) अपने चचेरे भाई मुकेश ठाकुर के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक CG 06 GZ 7591 से बागबाहरा आया हुआ था। 17 जून को दोनों बागबाहरा से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-353 मार्ग पर आरटीओ बैरियर के पास खरियार रोड से बागबाहरा की ओर आ रही पिकअप वाहन क्रमांक CG 04 QD 8543 के चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी।

## किन्नरों का ट्रेन में हंगामा यात्रियों से बदसलूकी

**बिलासपुर, 18 जून।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर रेल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में कथित किन्नरों ने जमकर हंगामा मचाया, यात्रियों से बदसुलूकी की और उनसे जबरिया पैसे मांगे। ट्रेन में कुछ किन्नरों के कपड़े उतारकर अश्लील हरकतें करते हुए डांस करने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद किन्नरों के दो गुट आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों गुट थाने पहुंच गए, जहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

बिलासपुर में किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ वीडियो और अन्य सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। इसी वजह से तनाव बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले किन्नर के गुटों के बीच विवाद हुआ था।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**सूरजपुर, 18 जून।** जिले के पम्पापुर ग्राम पंचायत के झारपारा मोहल्ले में एक मकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर के अंदर मौजूद परिवार के चार सदस्यों को जान बचाकर बाहर निकलना पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। अंबिकापुर क्षेत्र में चोरी की एक अनोखी घटना सामने आई है।

# मोदी का जी-7 में सुरक्षा और समावेशिता पर जोर

### पीएम ने रखा एआई पर भारत का 'मानव' विजन



**नईदिल्ली, 18 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में "इंश्योरिंग ए सेफ, रैपिड एंड एफिशिएंट रोल आउट ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक परिवर्तनकारी शक्ति है, जो मानव सभ्यता की दिशा को नए सिरे से परिभाषित करने की क्षमता रखती है, लेकिन इसका उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना भी होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी व्यापक सोच के साथ भारत ने हाल ही में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी की थी। उन्होंने एआई के लिए भारत के 'मानव' विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास समावेशिता, सुरक्षा और जनहित जैसे मूल सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए, ताकि तकनीक का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच सके। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत हमेशा साइबरस्पेस को एक वैश्विक सार्वजनिक संपत्ति के रूप में देखता रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक देशों के पास ऐसे एआई मॉडल तक पहुंच होनी चाहिए, जो उनके महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढांचे की सुरक्षा कर सकें और साइबर खतरों से निपटने में मददगार साबित हों। अपने संबोधन के समापन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उद्देश्य मानव क्षमता का विस्तार करना, मानवीय विकल्पों को सशक्त बनाना और मानव गरिमा की रक्षा करना होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

### एआई विकास के लिए चार प्रमुख सुझाव

एआई के सुरक्षित, तेज और प्रभावी विकास के लिए प्रधानमंत्री ने एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने इस दिशा में चार महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि एआई प्रणालियां 'सेफ-बाय-डिजाइन' सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए, यानी उनके निर्माण के स्तर पर ही सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके साथ ही एआई के उपयोग के लिए समान मानक, परीक्षण ढांचा और नियामक दिशानिर्देश विकसित किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने डीपफेक, गलत सूचना और साइबर धोखाधड़ी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी वैश्विक सहयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एआई के लाभ केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों तक भी समान रूप से पहुंचने चाहिए, ताकि तकनीक आधारित विकास अधिक समावेशी बन सके।



## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पहुंचे राजधानी

**रायपुर, 18जून।** लोकसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ओम बिरला आज एकदिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और मंत्री केदार कश्यप ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद ओम बिरला सीधे लोकभवन के लिए रवाना हो गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शाम 5:55 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और शाम 6:40 बजे नई दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।


## उसलापुर गुड्स शेड में सुविधाओं की जांच करेगी समिति

**बिलासपुर, 18 जून।** बिलासपुर के उसलापुर स्टेशन के गुड्स शेड को लेकर बड़ा मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है।

अब वहां श्रमिकों और व्यापारियों के लिए जरूरी सुविधाएं हैं या नहीं, इसकी जांच कलेक्टर द्वारा बनाई गई समिति करेगी। हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतंत्र जांच के आदेश देते हुए 13 जुलाई तक रिपोर्ट मांगी है। पूरा विवाद 28 मई को उस वक्त शुरू हुआ जब रेलवे ने अचानक बिलासपुर गुड्स शेड बंद कर सभी गतिविधियां उसलापुर शिफ्ट कर दीं।

## पीएम मोदी पर टिप्पणी, खरगे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली, 18 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। राज्यसभा में भाजपा के छह सांसदों ने खड़गे पर संसद की गरिमा और संसदीय परंपराओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन नोटिस दाखिल किया है। मामले को गंभीर मानते हुए राज्यसभा सभापति ने इसे जांच और रिपोर्ट के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेज दिया है। छह भाजपा सांसदों ने संयुक्त रूप से दाखिल किया। इस घटनाक्रम के बाद संसद के भीतर और बाहर सियासी माहौल गर्म हो गया है। भाजपा का आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद पर बैठे मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया, जो संसदीय मर्यादा के खिलाफ है।



जानकारी के अनुसार भाजपा सांसद बृजलाल, मिथिलेश कुमार, सुमित्रा बाल्मिक, शिवेश कुमार, सिकंदर कुमार और नागेंद्र राय ने संयुक्त रूप से यह विशेषाधिकार हनन नोटिस राज्यसभा सभापति को सौंपा है। सांसदों का कहना है कि खड़गे की टिप्पणियां न केवल प्रधानमंत्री पद की गरिमा को प्रभावित करती हैं, बल्कि संसद और उसके सदस्यों की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती हैं। नोटिस में कहा गया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है और ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति से जिम्मेदार, संयमित और मर्यादित भाषा की अपेक्षा की जाती है। भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि खड़गे ने बार-बार ऐसी टिप्पणियां की हैं जो संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं हैं। राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने 16 जून 2026 को राज्यसभा के नियम 203 के तहत इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का निर्णय लिया। अब समिति पूरे मामले की जांच करेगी और तथ्यों का परीक्षण करने के बाद अपनी रिपोर्ट सभापति को सौंपेगी।

# नक्सलियों के हथियारों का जखीरा बरामद

**नारायणपुर, 18 जून।** नक्सलमुक्त घोषित हो चुके नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों की सतर्कता लगातार रंग ला रही है। मसपुर-गुडरापाल के घने जंगलों में चलाए गए विशेष सर्च अभियान के दौरान बीएसएफ की टीम को बड़ी सफलता मिली है। जवानों



ने जंगल के भीतर छिपाकर रखा गया हथियार एवं अन्य सामग्री का डंप बरामद किया है। बरामद सामग्री में बीजीएल लॉन्चर, बीजीएल गन, 12 बोर राइफल और गोला-बारूद सहित अन्य सामान शामिल हैं। जानकारी के अनुसार जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा लगातार संयुक्त सर्च अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 16 जून को बीएसएफ की 133वीं वाहिनी की 'ई' कंपनी ने कैंप मसपुर से आसपास के वन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया।

सर्चिंग के दौरान मसपुर-गुडरापाल जंगल क्षेत्र में जवानों की नजर एक संदिग्ध स्थान पर पड़ी। क्षेत्र की घेराबंदी कर सावधानीपूर्वक तलाशी लेने पर वहां छिपाकर रखा गया हथियार एवं अन्य सामग्री का डंप बरामद हुआ। जांच के दौरान उसमें हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्री मिलने पर सुरक्षा बलों ने विधिवत उसे जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि उक्त सामग्री को पूर्व में जंगल क्षेत्र में छिपाकर रखा गया था। सुरक्षा बलों की सतर्कता और निरंतर चलाए जा रहे अभियान के चलते इस डंप का पता लग सका।उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2026 को नारायणपुर जिले को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बाद भी पुलिस एवं सुरक्षा बल दूरस्थ वन क्षेत्रों में नियमित सर्च अभियान चला रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य पूर्व में छिपाकर रखे गए हथियारों, विस्फोटक सामग्रियों और अन्य संसाधनों की बरामदगी सुनिश्चित करना तथा जिले में शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना है।

# कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर 20 जून से

रायपुर, 18 जून । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यह शिविर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर अभनपुर स्थित अग्रवाल रिसोर्ट में आयोजित है। यह शिविर 20 से 29 जून के मध्य पूरी तरह ये आवासीय शिविर होगा। इस शिविर में एआईसीसी का प्रशिक्षण विभाग प्रशिक्षण देगा। जिला अध्यक्षों को फील्ड विजिट एवं अन्य सकारात्मक सामाजिक, राजनैतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री राहुल गांधी भी 21 जून को एक दिन के लिए शामिल होंगे। शिविर एआईसीसी के सभी राष्ट्रीय महासचिव भी शामिल होंगे। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रभारी सचिव भी शिविर में शामिल होंगे। राहुल गांधी 21 जून को दोपहर 2 बजे रायपुर पहुंचेंगे तथा 2.45 बजे प्रशिक्षण स्थल आयेंगे तथा 5.30 बजे तक प्रशिक्षण स्थल में रहेंगे तथा शाम को 6.45 बजे नियमित विमान से दिल्ली रवाना होंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केदार कश्यप का बयान बेहद ही आपत्ति जनक और निंदनीय है। यह बयान भाजपा के वास्तविक चरित्र को दिखाता है। देश के नेता प्रतिपक्ष के बारे में इस प्रकार की टिप्पणी कोई मंत्री नशे की हालत में ही कर सकता है। भाजपा अपने मंत्री के लिये इस को अभ्रद बयान के लिये माफी मांगे। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। ढाई सालो में भाजपा ने इसे नशे और शराब का गढ़ बना दिया। अफीम की, गांजे की खेती हो रही, अवैध शराब बिक रही, पहले हम अपने मेहमानों को धान से तौलकर स्वागत करते थे, अब भाजपाई शराब से स्वागत की बात कर रहे। क्योंकि ढाई साल में इन्होंने छत्तीसगढ़ की पहचान शराबी राज्य में बना दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में अब रेत का व्यापार भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच में गैंगवार का कारण बन चुका है। पूरे प्रदेश में रेत के लिए खून-खराबा मचा हुआ है। कोरिया जिले में बेहद ही डरावनी घटना घटी, एक भाजपा नेता ने दूसरे भाजपा के नेता उसके भाई और उसके साथी को फॉर्च्यूनर गाड़ी में बंद करके पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया और दो लोगों की मृत्यु हो गयी.

## भिलाई की युवती की लाश राजनांदगांव में मिली

**राजनांदगांव, 18 जून।** जिले में मनगट्टा स्थित विसली वुड रिसॉर्ट में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई है। घटना के बाद से रिसॉर्ट और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान मुस्कान तिवारी (24) के रूप में हुई है, जो भिलाई की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि मुस्कान अपने कुछ साथियों के साथ रिसॉर्ट में ठहरी हुई थी। देर रात वह बाथरूम गई थी, जहां वो बेहोशी की हालत में मिली। सुबह करीब 8 बजे इसकी जानकारी रिसॉर्ट संचालक को हुई, तो उसे आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले को और भी रहस्यमय बनाने वाली बात यह है कि युवती के साथ रिसॉर्ट में आए अन्य लोग सुबह होने से पहले ही वहां से चले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और युवती के साथ आए लोगों की तलाश की जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस इसे संदिग्ध मौत मानते हुए सभी पहलुओं की जांच कर रही है। रिसॉर्ट में मौजूद कर्मचारियों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर युवती की मौत कैसे हुई? उसके साथ आए लोग अचानक रिसॉर्ट छोड़कर क्यों चले गए? इन सवालों के जवाब अब पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आएंगे। मामले में राजनांदगांव एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है.

## सेजबहार फेस-1 कॉलोनी की भूमि से गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने हटाया अतिक्रमण

**रायपुर, 18 जून.** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए सेजबहार फेस-1



कॉलोनी स्थित मंडल की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया है। कार्रवाई के दौरान निजी बिल्डर द्वारा बिना अनुमति निर्मित की जा रही सड़क को हटाया गया। दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत कलेक्टर रायपुर के आदेश 03 फरवरी 2006 के माध्यम से ग्राम सेजबहार एवं ग्राम दतरेंगा की कुल 21.538 हेक्टेयर (लगभग 53.19 एकड़) भूमि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए आबंटित की गई थी। इस भूमि में ग्राम सेजबहार के खसरा क्रमांक 162/1 के भाग तथा ग्राम दतरेंगा के खसरा क्रमांक 341/1 एवं 341/3 शामिल हैं। परियोजना के लिए विकास अनुज्ञा 17 मई 2006 को स्वीकृत की गई थी।स्वीकृत ले-आउट के अनुसार परियोजना क्षेत्र में कुल 1435 एलआईजी (लो इनकम ग्रुप) आवासों का निर्माण प्रस्तावित था। मंडल द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण एवं अभिलेख परीक्षण में पाया गया कि 1435 प्रस्तावित आवासों में से 1327 आवास स्वीकृत ले-आउट के अनुरूप निर्मित किए गए, जबकि 39 आवास स्वीकृत अभिन्यास से पृथक निर्मित पाए गए। इस प्रकार कुल 1366 आवासों का निर्माण किया गया। निरीक्षण, अभिलेख परीक्षण तथा पूर्व अधिकारियों एवं अभियंताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माण अवधि के दौरान भूमि विवाद उत्पन्न होने के कारण स्वीकृत ले-आउट में दर्शाए गए भवन क्रमांक 1287 से 1345 तथा 1412 से 1431 तक कुल 79 आवासों का निर्माण नहीं हो सका।

### मंत्री केदार कश्यप का विवादित बयान

## कांग्रेस दारू से चरण धोकर करे राहुल गांधी का स्वागत

**रायपुर, 18 जून।** कांग्रेस जिलाध्यक्षों के 21 जून को रायपुर में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में राहुल गांधी शामिल होंगे. राहुल गांधी के लंबे समय बाद हो रहे छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने विवादास्पद टिप्पणी की है. उन्होंने कांग्रेसियों से राहुल गांधी का स्वागत दारू से पैर धोकर करने की बात कही है. मंत्री केदार कश्यप ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस अपने आका को खुश करने के लिए बहुत सारे नवाचार करती है. पिछली बार जब प्रियंका गांधी आई थी, तो उनके लिए कांग्रेसियों ने गुलाब के पंखुड़ियों की सड़क बनाई थी. कांग्रेस अपने पांच साल के शासनकाल में भ्रष्टाचार में डुबी रही, शराब घोटाला किया. अब जब राहुल गांधी आ रहे हैं, तब कांग्रेस उनका चरण दारू से धोकर स्वागत करे, ऐसी हमारी शुभकामना है. रेत उत्खनन विवाद में कोरिया जिले में भाजपा नेता लल्ला सिंह की हत्या पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की चीजों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है. पिछली बार जहां-जहां ठेका मिला था, वहां लंबी-लंबी सुरंगें बनी थी. रेत खदान के नजदीक सड़कों पर रेत का डंप लगा हुआ था. आज के समय में ऐसी स्थिति नहीं है. वहीं अपनी सरकार का बचाव करते हुए कहा कि कुछ घटनाएं होती है, उस पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, ताकि ऐसे लोगों को संरक्षण न दिया जाए.वहीं महंगी बिजली पर कांग्रेस के आंदोलन पर केदार कश्यप ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी जमीन तराशने की कोशिश कर रही है. लोगों को प्रताड़ित करना कांग्रेस का काम है. अन्य प्रदेशों की तुलना में बिजली का टैरिफ बहुत कम है. इसके अलावा सूर्यघर योजना से मुफ्त बिजली को प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है.

### पाटन के फुंडा सेवा सहकारी समिति में किसानों से किया संवाद

# किसान रहें सावधान,एनपीके धान के लिए है नुकसानदायकःभूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 जून ।** राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तेलीगुंडरा,पाटन,फुंडा सेवा सहकारी समिति पहुंचकर किसानों से मुलाकात कर खरीफ फसल की तैयारी में आ रही दिक्कतों पर संवाद किए।उन्होंने किसानों को सजग एवं सावधान रहने की अपील की। डीएपी खाद की जगह महंगी एनपीके खाद को दिया जा रहा है,जो धान की फसल के लिए भारी नुकसानदायक है। यह खाद सब्जी एवं अन्य पत्तीदार पौधों के लिए बनाया गया है। किसानों ने खुद उनसे चर्चा कर एनपीके खाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाए,उन्होंने किसानों के मुद्दे की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने के लिए किसान साथी एकजुट होकर लड़ेंगे।

आगे पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बतलाया हमारी सरकार ने किसान,मजदूर,युवा,महिलाओं के सर्वांगीण विकास के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में काम किया था।लेकिन भाजपा की



ट्रिपल इंजन सरकार अडानी,अंबानी को फायदा दिलाने में हमारे आदिवासी,किसान,मजदूर के हक में डाका डालकर जल,जंगल,जमीन को बेचने में जुटी हुई है। गौमाता की सेवा का नाटक करने वाली भाजपा गौठान योजना को बंद कर आम जनता के साथ अन्याय कर रही है।पशुधन सड़क पर दुर्घटनाओं के शिकार हो रही है।चारागाह एवं गौठान के माध्यम से महिलाएं स्वावलंबी बन रही थीं।किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने वाले भाजपा सरकार को बतलाना चाहता हूं कि हमने वर्मी खाद के माध्यम से इसकी शुरुआत पहले ही कर चुके थे।आज निरंतर जारी रहता तो किसानों को सुगम एवं सहज उपलब्ध हो सकता था। पाटन क्षेत्र के कई ग्रामों में भाजपा के नुमाइंदों द्वारा नकली रासायनिक खाद खड़े ट्रकों को 1घंटे में बेचने की शिकायत मिल रही है,लेकिन शासन प्रशासन मौन बैठी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारियों से किसानों को परेशान न करने की हिदायद भी दी। इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू,पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा,विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा,जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर,मोहन साहू,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा,जनपद सदस्य दिनेश साहू,आनंद बघेल,पुरुषोत्तम कश्यप,सालिक साहू,कौशल साहू,मंडल अध्यक्ष गोपाल देवांगन,सोहन जोशी, खिलेश मार्कण्डेय, हेमंत देवांगन,सोहन बघेल,सरजू साहू,नीरज सोनी,लक्ष्मीनारायण पटेल,लीलाधर वर्मा,कमलकिशोर वर्मा,आभाष दुबे,महामंत्री डॉ हेमंत साहू,दिनेश साहू,मनीष पटेल,किशोर साहू,डॉ के के साहू,प्राधिकृत अधिकारी प्रेमलाल साहू,दादूराम साहू,उत्तम साहू,भगवान देवांगन,राजा साहू,रेखराज साहू,रामदयाल साहू,बीरबल ठाकुर,सुरेश साहू,मनहरण देवांगन किसान बंधु सहित समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

सम्मानित



### विश्व रक्तदान दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान, रीना शर्मा सम्मानित

**कवर्धा, 18 जून।** विश्व रक्तदान दिवस 14 जुन को नई चमक रक्तदान शिविर का आयोजन साहू छात्रावास में किया गया था जिसमे 45 यूनिट रक्तदान विभिन्न रक्तदाताओं द्वारा किया गया जिसमें कबीरधाम की गौरव, आयरन लेडी सुश्री रीना शर्मा को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो एवं विशेष सहयोग हेतु नई चमक रक्तदान के जिला अध्यक्ष हरीश साहू के द्वारा महिला नगर सैनिक रीना शर्मा को सर्टिफिकेट और शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं रीना शर्मा के जिला मे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान एवं कार्यो को सराहा गया इस रक्तदान शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप में डा. सियाराम साहू, शिक्षक सतीश यदु, लक्ष्मण चंद्रवंशी, एवं रेडक्रॉस के जीवन कोशिक, एवं उत्तम चंद्रवंशी एवं समस्त रक्तदाताओं का उपस्थिति रहे ।

## एक नजर

### जबरन धर्मांतरण,निकाह,प्रताड़ना पर युवक,परिवार के खिलाफ जुर्म दर्ज



**भिलाईनगर, 18 जून (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत एक युवती को नाम और धर्म छिपाकर प्रेम जाल में फंसाने, जबरन धर्मांतरण कराकर निकाह करने और अनैतिक कार्यों के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है पीड़िता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपी और उसके परिवार के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि ( 24 साल ) पीड़िता वर्ष 2008 से अपने परिवार के साथ दुर्ग में निवास कर रही थी और उसके पिता सेना में कार्यरत थे उनके घर के सामने ग्राम अहेरी निवासी आरोपी मोहम्मद यासीन जावेद ने गाड़ियों का वाशिंग सेंटर खोला था आरोप है कि यासीन ने अपनी असली पहचान छिपाकर और अपना एक हिंदू नाम बताकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी ने युवती को गुमराह कर उसके माता-पिता के ही खिलाफ भड़का दिया। जून 2021 में आरोपी शादी का झांसा देकर युवती को रायपुर ले गया, जहां युवती को उसके मुस्लिम होने की सच्चाई पता चली। शिकायत के अनुसार धर्म बदलने की बात का युवती ने कड़ा विरोध किया, लेकिन उस समय तक वह गर्भवती हो चुकी थी। उसकी इसी मजबूरी का फायदा उठाते हुए आरोपी ने एक मौलाना के माध्यम से उसका जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया। युवती का नाम %निखत खान% रखा गया और निकाह करवाने के बाद उसे कुछ दिनों तक एक अज्ञात कमरे में बंधक बनाकर भी रखा गया। धर्म परिवर्तन की बात सामने आने पर युवती के माता-पिता ने भी उसे त्याग दिया। निकाह के बाद वे विशाखापत्तनम में रहे और फिर वापस ग्राम अहेरी आ गए। वर्ष 2022 में एक बच्ची के जन्म के बाद से ही आरोपी पति यासीन ने उस पर अन्य लोगों के साथ अनैतिक संबंध बनाने और अपने माता-पिता से संपत्ति में हिस्सा मांगने का दबाव डालना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी शराब के नशे में ईंट, पत्थर, लाठी और लोहे से उसकी बुरी तरह पिटाई करता था नंदिनी थाने पुलिस ने आरोपी मोहम्मद यासीन जावेद के खिलाफ %छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 की धारा 4 तथा बीएनएस की धारा 319 और 85 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### घर में घुसकर हमला,9 लोग गिरफ्तार



**भिलाईनगर, 18 जून (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के बॉम्बे आवास में पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी हमले से इलाके में दहशत फैल गई 10 से 15 लोगों के समूह ने एक घर में और डंडों से हमला कर दिया बीच-घुसकर परिवार के सदस्यों पर चाकू बचाव करने पहुंचे पड़ोसियों को भी नहीं बख्शा गया घटना में गर्भवती महिला समेत कई लोग घायल हो गए पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि वार्ड-23 घासीदास नगर निवासी दीपक साहू के घर मंगलवार रात करीब 8.30 बजे कुछ युवक पहुंचे विवाद के दौरान आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया और घर में घुसकर जमकर मारपीट की। शोर सुनकर पड़ोसी मदद के लिए पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी चाकू और डंडों से हमला कर दिया गर्भवती महिला सहित कई लोग घायल हमले में पड़ोसी सतीश मार्कण्डेय गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि गर्भवती आरती साहू को भी चोटें आई हैं। अन्य लोगों को भी गंभीर चोटें पहुंची हैं सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को

पहले सीसीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल कचांदुर पहुंचाया गया। बाद में उनकी स्थिति को देखते हुए शंकराचार्य अस्पताल रेफर किया गया स्कूटी जलाने के मामले से जुड़ा विवाद स्थानीय लोगों के मुताबिक दो दिन पहले दीपक साहू के घर के बाहर खड़ी स्कूटी में आग लगाने के मामले में एक नाबालिग को पुलिस ने पकड़ा था। आरोप है कि जमानत पर छूटने के बाद उसी विवाद को लेकर आरोपी पक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला किया। घटना के बाद पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि रात में तैनात पेट्रोलिंग टीम को इतनी बड़ी वारदात की जानकारी तक नहीं हुई। सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने पेट्रोलिंग ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले जवानों को अपसेंट कर कार्रवाई की छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि मामले में अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है ।

# सांसद संतोष पांडेय ने पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,18 जून।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन के उद्देश्य से हरीतिमा द्वारा आयोजित वर्ष 2026-27 के पौधारोपण अभियान का शुभारंभ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे के करकमलों से हरीतिमा सदन के समीप 11 नीम के पौधों के रोपण के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर सांसद पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणादायी पहल एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी है।सांसद महोदय ने हरीतिमा टीम द्वारा विगत आठ वर्षों से निरंतर, निस्वार्थ एवं निर्विवाद रूप से किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं। हरीतिमा के संस्थापक सदस्य अजय लूनिया ने स्वागत भाषण में कहा टीम पिछले आठ वर्षों से बिना किसी मौसम की परवाह किए, सर्दी, गर्मी और बरसात में वर्ष के 365 दिन पर्यावरण संरक्षण एवं




पौधारोपण के कार्य में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। टीम द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप लगाए गए पौधों का जीवित रहने का प्रतिशत अत्यंत संतोषजनक है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने हरीतिमा द्वारा वर्षों से नियमित रूप से संचालित किए जा रहे पौधारोपण एवं संरक्षण अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम का प्रभावी संचालन महेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सुनील दोषी ने व्यक्त किया।उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, बिहारी राम धुर्वे, दीपक सिन्हा, हरीश साहू, पार्षद,दिनेश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, गजराज राजपूत, शिवेंद्र चंद्रवंशी, रघुनाथ योगी सहित हरीतिमा परिवार के सदस्य अजय लूनिया, राकेश दोषी, सुनील दोषी, अनिल लूनिया, महेश सिंह ठाकुर, पन्ना चंद्रवंशी, कुलजीत मुटरेजा, राजकुमार वर्मा, अखिल लूनिया, मनजीत सलूजा, कमलेश ठाकुर, दीपक लांझी, जसवंत छाबड़ा, गोकुल साहू, लवली बग्गा, के.के. ठाकुर, लक्की चावला एवं अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

### रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम पर निगम की नजर बंद मिलने पर निगम करेगा कार्रवाई

**रिसाली, 18 जून।** आवासों और व्यावसायिक परिसर में बने वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की निगम जांच करेगा। वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम होने पर नगर पालिक निगम रिसाली प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करेगा। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा न केवल टीम का गठन की है, बल्कि सूची के आधार पर जल संरक्षरण के लिए बनाए सोक पिट का सत्यापन भी करा रही है।नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्धारित माप दण्डों पर तैयार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सत्यापन करने का निर्देश दी है। आयुक्त ने बताया कि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद या फिर कंडम मिलने पर नियमानुसार वे कार्यवाही भी करेंगी।

# शिव सेना यूबीटी ने बिजली की बढ़ी हुई दरों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,18 जून।** प्रदेश प्रमुख डॉ.आनंद मल्होत्रा के निर्देशानुसार आज छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विभाग के हाउसिंग बोर्ड स्थित कार्यालय में शिव सैनिकों ने वृद्धि के विरोध में मुख्यमंत्री जी के नाम पर सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि नागरिकों,किसानों,और छोटे व्यापारियों पर बिजली दरों में वृद्धि के रूप में थोपे गए भारी आर्थिक बोझ की ओर धकेलना चाहती है! छत्तीसगढ़ एक ऊर्जा सरप्लस (ऊर्जा की प्रचुरता वाला) राज्य है,जहाँ बिजली का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है!इसके बावजूद,बिजली कंपनियों द्वारा दरों में की गई की गई इस हालिया बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है! आम जनता पर आर्थिक बोझ पहले से ही कमर तोड़ महंगाई से जूझ रहे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए बिजली बिल में यह वृद्धि असहनीय है किसानों और कृषि क्षेत्र पर प्रभाव छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है बिजली दरों में वृद्धि से किसानों की लागत बढ़ेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक दयनीय हो जाएगी लघु एवं कुटीर उद्योगों को नुकसान राज्य के छोटे और मध्यम स्तर के उद्योग इस निर्णय से बुरी तरह प्रभावित होंगे, जिससे बेरोजगारी बढ़ने की आशंका है! जनहित को ध्यान रखते हुए बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह वापस लिया जाए व आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना या सब्सिडी को और अधिक मजबूत व पारदर्शी बनाया जाए! शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) हमेशा से आम जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है यदि शासन द्वारा जनहित में इस जनविरोधी फैसले को वापस नहीं लिया गया, तो हमारी पार्टी पूरे राज्य में उग्र और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । ज्ञापन सौंपने वालों में शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता,रमेश जोशी, विद्याधर साहू इत्यादि हैं।

# हाईकोर्ट के आदेश पर भिलाई निगम ने नंदिनी रोड से अवैध कब्जा हटाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर 18 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के नंदिनी रोड स्थित ग्रुप-ए भूखंड क्रमांक-2 के पूर्व दिशा में किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा संरचना के विध्वंस संबंधी पारित आदेश के पालन में की गई।जानकारी के अनुसार उक्त स्थल पर उत्पल घोष द्वारा आवागमन बाधित कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था।

निगम प्रशासन ने 11 जून 2026 को बेदखली की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन उस दौरान कब्जाधारी द्वारा स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 24 घंटे का अतिरिक्त समय मांगा गया। मांग को देखते हुए निगम ने कार्रवाई स्थगित कर दी थी।




हालांकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद बुधवार 17 जून 2026 को निगम प्रशासन ने दोबारा सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-4 राजस्व विभाग, बेदखली दल और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए आगे भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा तथा निगम अमले ने पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से सार्वजनिक भूमि एवं मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# आयुक्त ने निरीक्षण कर विकास कार्यों में तेजी और अवैध निर्माण पर सख्ती के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**भिलाई,18 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आकांक्षी शौचालय, सार्वजनिक शौचालय, पुल निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध निर्माण और सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने पावर हाउस छावनी थाना के सामने स्थित लाल मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक सुझाव दिये। इसके बाद फल मंडी क्षेत्र में पूर्व से निर्मित शौचालय की स्थिति का जायजा लेते हुए साफ-सफाई बनाए रखने, नलों में टोटी लगाने तथा पानी की बर्बादी रोकने के निर्देश दिए। शौचालय परिसर के समीप नव निर्मित भवन का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जवाहर मार्केट में नागरिकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए गए सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने कहा गया।




वहीं टाटा लाइन रोड के समीप नाली पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके।आयुक्त ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर यातायात बाधित करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा वार्डों में नालियों के ऊपर स्लैब डालकर किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए ऐसे सभी स्लैब हटाने और तोड़ने की कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि नालियों पर स्लैब होने से सफाई कार्य प्रभावित होता है और जल निकासी व्यवस्था बाधित होती है। सूर्या नगर कैम्प-2 में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय तथा वार्ड-36 श्याम नगर स्थित महिला शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने दोनों स्थलों पर कार्यों को शीघ्र पूरा करने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि त्रिलोचन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चार शव के मामले में पुलिस ने हत्या व आत्महत्या का जुर्म दर्ज किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता









**भिलाई,18 जून।** मोहन नगर थाना क्षेत्र के एक ही परिवार के 4 शव मिलने वाले मामले में पुलिस ने मृतक आरोपियों के खिलाफ धारा 103 (1), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया है 21 मई की रात को माता-पिता ने अपने दोनों बच्चों की हत्या करने के बाद स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी आर्य नगर दुर्ग वार्ड नंबर 13 निवासी गोविंद साहू 21 मई की रात को अपनी पत्नी चंचल कुंवर, बेटी तृष्णा 13 वर्ष एवं यशांक 11 वर्ष के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे दूसरे दिन सुबह जब कोई कमरे से बाहर नहीं निकला तथा दरवाजा नहीं खुला तब प्रार्थी नेमचंद साहू की माता धनवंतीन साहू ने रूम का दरवाजा खोली तो देखा कि गोविंद कुंवर स्टडी रूम में पंखे पर एवं उनकी पत्नी चंचल कुंवर बेडरूम में लगे पंखे में नायलॉन की रस्सी से फांसी पर लटकी हुई थी। दोनों बच्चे तृष्णा 13 वर्ष एवं यशांक 11 वर्ष बेड पर मृत अवस्था में पड़े हुए थे। जिनकी मौत हो चुकी थी? पति-पत्नी ने पहले अपने दोनों बच्चों की गला घोट कर हत्या कर दी, इसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी? इस मामले में पुलिस ने मृतक गोविंद (कुंवर) साहू एवं उनकी पत्नी चंचल कुंवर के खिलाफ अपने दोनों बच्चों की हत्या करने एवं स्वयं आत्महत्या करने को लेकर अपराध दर्ज किया है ।

### पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया

**भिलाई,18 जून।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के वृंदानगर कैंप .1 में रविवार सुबह मिले दंपती के शवों के मामले में अब मृतक पति पर वैशाली नगर थाने पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है बता दें कि शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई है कि यह मामला हत्या के बाद आत्महत्या का था। घटना से पहले पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की थी और उसके बाद खुद दूसरे कमरे में फांसी के फंदे पर झूल गया था? वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि वार्ड 29 वृंदानगर निवासी ऑटो चालक जी वेंकटरमण मूर्ति 55 साल और उनकी पत्नी जी विद्यावती 52 साल घर में अकेले रहते थेए जबकि उनका इकलौता बेटा ओडिशा में नौकरी करता है। रविवार सुबह करीब 9 बजे जब वेंकटरमण की मां उनसे मिलने पहुंची तो उन्होंने सामने वाले कमरे में बहू विद्यावती का शव पड़ा देखा इसके बाद जब वह अंदर के कमरे में गई तो वहां बेटे का शव नायलॉन की रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था । सोमवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया।

# कोहका में अवैध पेट्रोल पंप निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे से बिजली पोल गिरने की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई,18 जून। नगर निगम कमिश्नर से भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने शिकायत की मौके पर निगम कमिश्नर ने मुआयना करने के बाद भी कार्रवाई अभी तक नहीं हुई जबकि यहां पर छोटे बच्चों का स्कूल है 12 फीट के लगभग गड्ढे खोद दिए गए हैं कभी भी बस या कोई भी वहां गिरकर गंभीर दुर्घटना घट सकती है यह रोड से सटा हुआ गड्ढा है। हालांकि प्रशासन ने इस अवैध पेट्रोल पंप के निर्माण पर रोक लगाई है मगर गड्ढे के कारण समस्या बनी हुई है।

कुरूद रोड कोहका, भिलाई में अवैध रूप से पेट्रोल पंप द्वारा खोदे गए गड्ढे के कारण क्षेत्र की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। निर्माण के दौरान बिजली के पोल के बिल्कुल पास गड्ढा खोद दिया गया है, जिससे पोल की नींव कमजोर हो चुकी है।यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि कभी भी बिजली का पोल गिर सकता है, जिससे राहगीरों और आसपास के निवासियों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया है। साथ ही, इससे बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका भी बनी हुई है। कई बार शिकायत के बावजूद अभी तक निवारण नहीं किया गया है लगता है अधिकारियों को दुर्घटना की इंतजार है इसके शिकायत कलेक्टर जनदर्शन पीएमओ कार्यालय तक की जा चुकी है। स्थानीय नागरिकों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बिना किसी सुरक्षा मानकों का पालन किए इस प्रकार का निर्माण कार्य किया



जाना सीधे तौर पर जन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।भाजपा प्रदेश संवाद प्रमुख झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि बिजली पोल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए प्रशासन से अपील है कि इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। मांग करने वाले में प्रमुख रूप से जे आनंद बसंत भारती प्रशांत पासवान सुगंधी वर्मा निर्मल भारती संतोष सोनी टाटा शोभा रेखा ब्रंहे मनीष यश दुलानी योगेश यदु संजय शर्मा निशु पांडे श्याम रविसिंग विनोद उपाध्याय कन्हैया सोनी बृजमोहन उपाध्याय विरेन्द्र यादव विनोद मून विशालदीप नायर अनिल सिंह सुभाष शर्मा मदन सेन पारस जंघेल नितेश मिश्रा विजय साहू राजेश सिंह सुनील मौर्य बंटी नाहर जेपी घनघोरकर संगम अग्रवाल प्रधान गौरी चक्रवर्ती भास्कर तिवारी राजू रमेश देशमुख नेहरू साहू अशोक द्विवेदी सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं ने मांग की है।

# 21000 दीपों के साथ दीपोत्सव में जन जागरण का संदेश दिया

## पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिवस कथा यज्ञ एवं विश्व मंगल कामना के साथ 16 दिवसीय आयोजन संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 18 जून। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व है इस दिन दीपदान करने से प्रभु की विशेष कृपा प्राप्त होती है 15 जून सोमवार को सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा 21000 दीपों से सुसज्जित देव दीपावली अमावस्या की अंधेरी रात में मनाई गई इस दीपोत्सव में हजारों भक्तों ने दीप जलाकर सहभागिता निभाई सत्यनारायण मंदिर परिसर से दिल्ली दरवाजा कामठी लाइन तक 21000 दीपों के अद्भुत दृश्य ने लोगों का मन मोह लिया दीपोत्सव में संस्कार के साथ जन जागरण का संदेश देते हुए स्वास्तिक, धनुष बाण, गदा, बच्चों को संस्कार शिक्षा, ईंधन बचाओ, जल बचाओ, पेड़ लगाओ, स्वदेशी अपनाओ, देश प्रेम, स्वच्छता अपनाओ जैसे अनेक संदेश दीप जलाकर दिए गए। दीपोत्सव



महाआयोजन के सहयोगी राकेश ठाकुर ( दिये वाले बाबा ) शनि धाम परिवार रानी सागर राजनांदगांव दीपोत्सव को सफल बनाने में संस्कार राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुरुषोत्तम मास के अंतिम 16 वे दिवस 16 जून 2026 प्रातः 10:00 बजे से नारायण धाम में सत्यनारायण भगवान की कथा हवन यज्ञ पूर्णाहुति विश्व मंगल कामना के साथ भंडारा महाप्रसाद जी के साथ 16 दिवसीय पुरुषोत्तम महा आयोजन संपन्न हुआ।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति परिवार ने 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास नारायण महा महोत्सव आयोजन को सफल बनाने में संस्कारधानी के जन-जन समस्त सनातन प्रेमियों सहित समस्त श्रद्धालुओं को नमन करते हुए आभार व्यक्त किया है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## समाचार संक्षेप

### मोदी के 12 साल जनता के लिए वनवास भोगने जैसा कष्टप्रद रहा : संतोष पिल्ले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव, 18 जून। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जहां यह कार्यकाल भाजपा और मोदी सरकार के लिए स्वर्ग भोगने जैसा रहा वहीं आम जनता के लिए वनवास भोगने जैसा कष्टप्रद साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती आर्थिक परेशानियों से जूझ रही जनता की पीड़ा को नजरअंदाज कर भाजपा जश्न मनाने में व्यस्त है।

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उत्सव मना रही है लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। देश की आम जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से परेशान है जबकि भाजपा लगातार नए-नए उत्सव और अभियान चलाकर अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है। पिल्ले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल का कार्यकाल भाजपा नेताओं और सत्ता में बैठे लोगों के लिए भले ही सुखद और लाभकारी रहा हो लेकिन आम नागरिकों के लिए यह दौर कठिनाइयों और संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देने के बजाय सरकार अपनी उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने में ज्यादा रुचि दिखा रही है। उन्होंने भाजपा द्वारा मनाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर भी सवाल उठाए। पिल्ले ने कहा कि कभी सुशासन तिहार तो कभी मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने का जश्न मनाकर भाजपा जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश और देश की जनता आज महंगाई की मार झेल रही है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में भाजपा का जश्न मनाना जनता की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों का बजट बिगड़ चुका है जिन युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और जो परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

## एक नजर

### विश्वास के 12 साल पूरे होने पर भाजपा का स्वच्छता अभियान



राजनांदगांव, 18 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विश्वास के 12 साल, बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल द्वारा गौरव पथ स्थित गुजराती माध्यमिक शाला परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं एवं राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति, सुशासन एवं सेवा के 12 वर्षों को ऐतिहासिक बताते हुए जन-जन तक केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, शहर अध्यक्ष गोलू गुप्ता वाजपेयी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष हरी जोसेफ, शहर अध्यक्ष नदीम बड़गूजर, रफीक खान, हकीम खान, शैलेंद्र सिंह, अयाज़ सोलंकी, मुस्ताक खान, हसन चौहान, अनिल जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचाना तथा स्वच्छता एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करना रहा। स्वच्छता अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाते हुए नागरिकों से भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

# निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बेचने पर ग्रामोदय कृषि संसार उर्वरक विक्रय केंद्र को कारण बताओ नोटिस

## कृषि विभाग ने कुल 47.47 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक जब्त किया

■ 129 केन्द्रों की जांच की गई, 44 केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस एवं 9 विक्रय केन्द्रों का लाईसेंस किया गया निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 जून। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलेभर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीम द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया विक्रय की शिकायत मिलने पर छुरिया विकासखंड के चिचोला रोड स्थित ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र का औचक जांच की गई।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि कृषि विभाग की टीम द्वारा जांच के दौरान कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव के वाहन चालक संजय कुमार सिन्हा को ग्राहक बनाकर ग्रामोदय कृषि संसार निजी रासायनिक उर्वरक विक्रय केंद्र भेजा गया। केंद्र के कर्मचारी गोविंद तिवारी द्वारा सिन्हा को यूरिया खाद 600 रूपए प्रति बोरी की दर से विक्रय किया गया तथा राशि फोन-पे के माध्यम से प्राप्त की गई। जांच में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किया जाना प्रमाणित पाया गया, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है। अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विक्रय केन्द्र में उपलब्ध कुल 47.47 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक जप्त कर सुपुर्दगी में दिया गया तथा विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जप्त किए गए उर्वरकों में 6.05 मीट्रिक टन डीएपी, 15.57 मीट्रिक टन यूरिया, 10.85 मीट्रिक टन ट्रिपल सुपर फास्फेट, 12.50 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट एवं 2.50 मीट्रिक टन म्यूरेट ऑफपोटाश शामिल हैं। कार्रवाई में अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एसएल देशलहरे, उर्वरक निरीक्षक छुरिया जीपी सहाड़े तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुरेश ठाकुर शामिल थे।



उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए जिले में उर्वरक विक्रय केंद्रों की लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है। अब तक जिले के 129 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 44 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 12 केंद्रों में उपलब्ध उर्वरकों की जप्ती की कार्रवाई की गई है तथा 9 विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गंभीर अनियमितता के 4 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध आगे भी कड़ी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल कृषि विभाग को देने की अपील की है, ताकि दोषियों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### महेन्द्र वैष्णव प्रदेश महासचिव निर्वाचित समाजजनों ने दी बधाई व शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव, 18 जून। छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्थान के संकल्प को नई दिशा देते हुए समाज के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता महेन्द्र वैष्णव (पुरैना) को महासभा के प्रदेश महासचिव पद पर निर्वाचित किया गया है। उनके इस निर्वाचन से वैष्णव समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

श्री वैष्णव लंबे समय से समाजहित के कार्यों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाने के लिए निरंतर सक्रिय रहे हैं। उनके नेतृत्व, कार्यशैली एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठजनों, युवाओं एवं वैष्णव बंधुओं ने उनके निर्वाचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर महेन्द्र वैष्णव ने कहा कि यह सम्मान और जिम्मेदारी केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि समस्त वैष्णव समाज के विश्वास, सहयोग एवं आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने समाज के सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं वैष्णव बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं समाजोपयोगी बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सभी समाजजनों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भविष्य में भी समाज के विकास, शिक्षा, संस्कार, युवा सशक्तिकरण एवं सामाजिक एकता के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के प्रदेश महासचिव पद पर निर्वाचित होने पर मैं समाज के सभी वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं वैष्णव बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान आप सभी के विश्वास, सहयोग एवं आशीर्वाद का परिणाम है। आपके स्नेह और समर्थन से मुझे समाज सेवा का यह अवसर प्राप्त हुआ है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि समाजहित में पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करता रहूंगा।

# मुसरा के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुसरा, 18 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।16 जून को स्पोर्ट्स अकादमी ऑफ मुसरा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दिनांक 01 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के अनेक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कराते एवं आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सीमा ओमप्रकाश साहू जी (सभापति, जनपद पंचायत डोंगरगढ़) एवं गायत्री शिव टेम्भुरकर जी (सरपंच, ग्राम पंचायत मुसरा) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता के. रघुनाथन जी (प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा) ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भागचंद लिल्हारे जी (पीटीआई शिक्षक, मुसरा), ओमप्रकाश साहू जी (जनपद सदस्य, डोंगरगढ़), शिव टेम्भुरकर जी, जीतन शर्मा जी एवं ज्योति यादव जी (पंच, ग्राम पंचायत मुसरा), आश्मे देवांगन जी, आदित्य वैष्णव जी तथा ईश्वर यादव जी उपस्थित रहे। शिविर का सफल संचालन एवं प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक सेंसई संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में प्रशिक्षको द्वारा प्रतिभागियों को कराते की मूलभूत तकनीकों, आत्मरक्षा कौशल, अनुशासन एवं शारीरिक फिटनेस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों के नेतृत्व में प्रतिभागियों ने उल्लेखनीय प्रगति एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान प्रशिक्षार्थियों द्वारा कराते एवं आत्मरक्षा तकनीकों का आकर्षक एवं प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने खूब सराहा। अतिथियों ने उद्बोधन में आत्मरक्षा के महत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास, स्वास्थ्य एवं खेल भावना पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम पहुंची मां बम्लेश्वरी के धाम

## जैन मुनि विद्यासागर महाराज की समाधि पहुंच माथा टेका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 18 जून। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम अपने एक दिवसीय प्रवास पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचीं। उन्होंने मां बमलेश्वरी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। डोंगरगढ़ आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने महंगाई, बिजली बिल वृद्धि और प्रदेश में शराब बिक्री के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा।

विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी मंदिर पहुंची राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिर दर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। मीडिया से बातचीत के दौरान फुलोदेवी नेताम ने प्रदेश सरकार की नीतियों



पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर बढ़ते बिजली बिलों से आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। शराब बिक्री के मुद्दे पर भी राज्यसभा सांसद ने भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराब दुकानों की संख्या बढ़ रही है और अवैध शराब की बिक्री भी लगातार जारी है। उनके अनुसार युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ना चिंता का विषय है और सरकार को इस दिशा में गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल कांग्रेस नेता नवाज खान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश भंडारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल जिला जिला कांग्रेस कमेटी सचिव विष्णु लोधी पंचायत सदस्य नरेंद्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रति वैष्णव रेखा खोबरागड़े प्रभा साहू पार्षद के विनायक राव पार्षद मनोज साहू रवि बाघमरे शेखर सोनी संदीप सिंह चंद्र शेखर बोरकर ऋषि शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रदेश किसान मोर्चा ने मूलचंद और विजेन्द्र को सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में हर्ष




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 18 जून। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी के सहमति से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह जी एवं मोर्चा प्रभारी प्रदेश महामंत्री भाई नवीन मार्कंडेय जी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर जी के द्वारा किसान मोर्चा जिला प्रभारी/सहप्रभारी की घोषणा की गई है इसी में राजनांदगांव जिले के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मूलचंद लोधी तथा विजेन्द्र सिंह ठाकुर को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रदेश किसान मोर्चा द्वारा जारी नियुक्ति के अनुसार मूलचंद लोधी को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

वहीं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता विजेन्द्र सिंह ठाकुर को कबीरधाम (कवर्धा) जिले का सह प्रभारी बनाया गया है संगठन के इस निर्णय को दोनों नेताओं की वर्षो की मेहनत, सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। गौरतलब है कि मूलचंद लोधी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं किसान मोर्चा के माध्यम से किसानों, ग्रामीणों और आम जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। वर्तमान में वे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। संगठन द्वारा समय-समय पर उन्हें जो भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं, उन्होंने उन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर पुनः विश्वास जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है युवा नेता विजेन्द्र सिंह ठाकुर भी संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए पहचाने जाते हैं। वर्तमान में वे भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ में कृषि शिक्षा एवं नवाचार प्रकल्प के प्रदेश संयोजक के रूप में कार्यरत हैं। कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के प्रचार-प्रसार तथा किसानों को नई योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किए हैं। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें कबीरधाम जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है दोनों नेताओं की विशेषता यह है कि वे जमीन से जुड़े कार्यकर्ता माने जाते हैं। उन्होंने हमेशा गांव-गांव जाकर किसानों, युवाओं और आम नागरिकों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए कार्य किया है।

■ जेपीसी अध्ययन दौरे में बोले बृजमोहन अग्रवाल: राजनीति का अपराधीकरण रोकने और सुशासन को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# दिल्ली में संवैधानिक विधेयकों पर व्यापक मंथन, अग्रवाल ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

■ दिल्ली सरकार ने जताया समर्थन, 30 दिन से अधिक न्यायिक हिरासत तो पद छोड़ना होगा

■ जेपीसी चर्चा में बृजमोहन अग्रवाल ने बताया विधेयकों का प्रमुख उद्देश्य

रायपुर, 18 जून। रायपुर के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा संघ राज्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2025 के अध्ययन हेतु गठित संयुक्त संसदीय समिति (छ्वक्क्ट) के स्टडी टूर के अंतर्गत दिल्ली सचिवालय में आयोजित विभिन्न बैठकों और विचार-विमर्श कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने समिति अध्यक्ष अपराजिता सारंगी समेत समिति सदस्यगण सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, सांसद बृजलाल, सांसद मनन कुमार मिश्रा, सांसद उज्ज्वल देवराव निकम, सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सांसद डॉ के लक्ष्मण, इंद्र हंग सुब्बा, अरुणा के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, गृह मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा विधि कार्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक चर्चा कर प्रस्तावित विधेयकों से जुड़े विभिन्न संवैधानिक, प्रशासनिक एवं विधिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अध्ययन दौरे के तहत राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (हरुह्य), बार एसोसिएशनों, न्यायिक अकादमियों, नागरिक समाज संगठनों, पूर्व नीति निर्माताओं, नीति थिंक टैंकों, अनुसंधान संस्थानों तथा अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ भी व्यापक संवाद आयोजित किया गया। विभिन्न विशेषज्ञों ने विधेयकों के संभावित प्रभाव, प्रशासनिक



संरचना, लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और सुशासन से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।

### दिल्ली सरकार का मिला सकारात्मक समर्थन

दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, समिति अध्यक्ष अपराजिता सारंगी एवं सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित ऐतिहासिक विधेयकों की गहन समीक्षा करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं उनकी सरकार के अधीन विभिन्न मंत्रालयों के कार्यकारी अधिकारी गण प्रतिनिधियों सहित विधि विशेषज्ञों के साथ विधेयक के सकारात्मक पहलुओं पर मंथन कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

श्री अग्रवाल ने बताया कि चर्चा अत्यंत सकारात्मक रही। दिल्ली सरकार ने गृह मंत्रालय की मंशा और बिल के उद्देश्यों की मुक्त कंठ से सराहना की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन विधेयकों का समर्थन करते हुए कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए हैं, जिन्हें समिति ने सम्मानपूर्वक ग्रहण किया है और उन्हें रिपोर्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया है। समिति की अध्यक्ष अपराजिता सारंगी ने कहा कि हमने विधेयक के सभी पहलुओं पर 11 बैठकों में गंभीरता से चर्चा करते हुए अब विधेयक को लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष प्रस्तुत कर देंगे ताकि आगे इस पर सदन में चर्चा की जा सके। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बिलों के उद्देश्यों पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में पेश किए गए ये विधेयक भारतीय राजनीति में एक ÷युगांतकारी कदम÷ हैं। इसका स्पष्ट उद्देश्य राजनीति का अपराधीकरण रोकना, शासन (त्रश्1द्गह्ठ्ठड्ठठ्ठष्द्ग) से भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करना और संवैधानिक नैतिकता के सिद्धांतों को सुदृढ़ करना है।सांसद ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी द्वारा गठित इस संयुक्त संसदीय समिति का जनादेश अत्यंत पारदर्शी है। समिति अब तक 9 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों, नोडल मंत्रालयों तथा 30 से अधिक संस्थानों व नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति का उद्देश्य हर आवाज को सुनना और हितधारकों के सुझावों को शामिल करना है। सांसद ने विधेयक के मुख्य प्रावधान को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि देश के प्रधानमंत्री, किसी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या कोई मंत्री 30 दिनों से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रहता है।

# कब क्या बोलना है, कैसे बोलना है, और कितना बोलना है

राजनीति में दो पक्ष होते हैं, एक सत्ता पक्ष होता है और विरोधी पक्ष होता है। दोनों बोलते हैं और एक दूसरे के बोलने पर खूब बोलते हैं। राजनीति में बोलना जरूरी होता है,हर जगह बोलना पड़ता है,न चाहकर भी कोई सवाल पूछता है तो कुछ तो बोलना पड़ता है।सत्ता पक्ष के लोगों को बोलना जरूरी होता है,वह नहीं बोलेंगे तो आलोचना होगी और बोलने में चूक जाएंगे तो आलोचना होगी। नहीं बोलेंगे तो मीडिया आलोचना करेगा कि मीडिया के सवालों का जवाब नही दिया जाता है। पद मिल गया है तो मीडिया का सम्मान नहीं करते हैं, सत्ता मिल गई है मीडिया का सम्मान करना बंद कर दिया है। मीडिया के सवालों का जवाब देने में चूके तो विपक्ष ताक में बैठा रहता है कि कोई मंत्री बोलने में चूक तो करे तो सरकार को घेरने का मौका मिले। किसी न किसी विधायक,सासंद, मंत्री से चूक हो ही जाती है और शुरू हो जाता है राजनीतिक बवाल का दौर। भाजपा में नेताओं,कार्यकर्ताओं को आए दिन प्रशिक्षित किया जाता रहता है,उन्हें संगठन को मजबूत करने,जनता के सामने कैसा व्यवहार करने, जनता के बीच उनकी भाषा क्या होनी चाहिए आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।बड़े पद पर लोगों को अलग से चतुराई से जवाब देने के प्रशिक्षण देने की जरूरत है क्योंकि उनको कई बार किसी सवाल का जवाब देते हैं तो यही पता नहीं रहता है कि उनको जवाब में क्या कहना है और वह क्या कहेंगे तो विवाद शुरू हो सकता है और सरकार और उसकी योजना पर सवाल उठाया जा सकता है।वह कहने से पहले सोचते नहीं है कि उनके किसी जवाब का विपक्ष क्या उपयोग कर सकता है।आबकारी मंत्री ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा था कि आबकारी व खनिज विभाग का राजस्व बढ़ रहा है,जिससे जनकल्याणकारी योजनाएं चल रहीं हैं।इस दौरान उन्होंने महतारी वंदन योजना और कृषक उन्नति योजना में किसानों को मिलने वाली राशि का उल्लेख किया था।आबकारी मंत्री ने सही कहा है कि आबकारी व खनिज विभाग का राजस्व बढ़ रहा है और इससे जनकल्याणकारी योजनाओं चल रही है। उनसे चूक यह हुई है कि उनको यह नहीं कहना था कि आबकारी व खनिज विभाग का विभाग का राजस्व बढ़ रहा है,उनको तो इतना ही कहना था कि सरकार का राजस्व बढ़ रहा है या जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसों का इंतजाम करने के लिए सरकार ने अपनी आय बढ़ाई है और आय बढ़ने के कारण जनकल्याणकारी योजनाओं को तहत लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उनको आबकारी राजस्व का नाम नहीं लेना था और महतारी वंदन योजना का जिक्र नहीं करना था। उनसे चूक यह हुई कि उन्होंने आबकारी राजस्व की नाम लिया और महतारी वंदन योजना का नाम लिया और विपक्ष को राजनीति करने का,सरकार को घेरने का, एक योजना को लेकर सवालिया निशान खड़ा करने और महिलाओं को भड़काने का मौका मिल गया। जब एक कलेक्टर के बयान को लेकर महिलाओं मे पहले से गुस्सा था कि शराब के राजस्व से ही महिलाओं को महतारी वंदन का पैसा दिया जाता है।ऐसे में मंत्री के बयान से कांग्रेस को राजनीति करने और महिलाओं को भड़काने का मौका मिल गया और मौका मिलने पर कांग्रेस चूकती भी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने सवाल उठाया है कि क्या छत्तीसगढ़ की माताओं,बहनों को मिलने वाली सम्मान राशि शराबियों की जेबों से आ रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के ढोंग के बीच शराब की बिक्री तो बढ़ावा देकर उनके घरों को उजाड़ा जा रहा है।इससे महिलाओं में नाराजगी तो फैल सकती है क्योंकि राज्य की महिलाएं घर के लोगों के शराब पीने और घर में अशांति होने से परेशान हैं।अगर उनके बीच प्रचार किया जाए कि शराब की कमाई से नारी वंदन योजना का पैसा दिया जा रहा है तो कौन महिला ऐसा पैसा लेना पसंद करेंगी। कांग्रेस ने वादा किया था कि शराबबंदी का तो महिलाओं ने कांग्रेस को खूब सारा वोट दिया था। कांग्रेस ने शराबबंदी नहीं की तो महिलाओं ने कांग्रेस को वादाखिलाफी की सजा चुनाव में हराकर दी थी। कांग्रेस ने महिलाओं से वादाखिलाफी कर महिलाओं को नाराज किया था इसलिए सरकार के किसी मंत्री को ऐसा कुछ नहीं कहना चाहिए जिससे कांग्रेस को महिलाओं को भड़काने का मौका मिले और महिलाएं नाराज होकर सरकार के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा उन्होंने कांग्रेस सरकार के साथ किया है। कोई भी सरकार हो उनको महिलाओं के किसी भी मामले में जरा सी भी लापरवाही नहीं करनी चाहिए। महिलाएं बहुत संवेदनशील होती हैं।उनसे जुड़े मामलों में सरकार को सबसे ज्यादा संवेदनशील होना चाहिए। महिलाएं गुस्सा होती हैं तो वह माफ नहीं करती है। इसलिए उनको गुस्सा होने का कोई मौका नहीं देना चाहिए।साय सरकार से दूसरी यह चूक हुई है कि वह विभाग के अधिकारियों पर भरोसा करती है और वही अधिकारी सरकार की छवि को अपनी लापरवाही से सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। महिला व बाल विकास विभाग को सामूहिक विवाह में महिलाओं को नकली चांदी के मंगलसूत्र देने की कोई जरूरत नहीं थी,उन्होंने मान लिया था कि वह जो कर रहे हैं,उसका किसी को पता नहीं चलेगा लेकिन वह भूल गए कि जब महिलाओं का पता चलेगा कि सरकार ने नकली चांदी का मंगलसूत्र दिया था तो यह तो हमेशा के लिए सरकार के दामन पर दाग लग जाएगा। अब कह रहे हैं कि चांदी महंगी हो गई थी इसलिए ऐसा किया. लापरवाही स्वीकार कर लेने से हमेशा कहा तो जाएगा कि सामूहिक विवाह में भाजपा सरकार के समय नकली चांदी का मंगलसूत्र दिया गया था। इससे तो विपक्ष को भी भाजपा सरकार की हंसी उड़ाने का मौका हमेशा के लिए मिल गया है।

## राजनीति

# नेहरू का रिकॉर्ड टूटा: मोदी और नेहरू के कार्यकाल का तुलनात्मक आकलन

**योगेश गोस्वामी**



भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में जून 2026 एक महत्वपूर्ण पड़ाव लेकर आया, जब Narendra Modi लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में Jawaharlal Nehru के लंबे कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने वाले नेताओं में शामिल हो गए। यह अवसर केवल समय की तुलना का नहीं, बल्कि दो अलग-अलग युगों, चुनौतियों और विकास मॉडल की समीक्षा का भी है।

**नेहरू का युग: राष्ट्र निर्माण की नींव**-1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती राष्ट्र निर्माण की थी। नेहरू ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, संसद, न्यायपालिका और चुनाव आयोग जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उद्योगों, बांधों और वैज्ञानिक संस्थानों को आधुनिक भारत के "नए मंदिर" बताया।

**प्रमुख उपलब्धियां:**

पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत
आईआईटी और वैज्ञानिक संस्थानों की स्थापना
गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भारत की प्रमुख भूमिका
लोकतांत्रिक संस्थाओं को स्थायित्व

आलोचनाएंः

आर्थिक विकास की धीमी गति
लाइसेंस-परमिट राज की शुरुआत
1962 के Sino-Indian War में चीन से हार

**रक्षा तैयारियों की कमी**-मोदी का युगः विकास, राष्ट्रवाद और डिजिटल परिवर्तन

2014 से सत्ता में आए नरेंद्र मोदी ने विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद को अपनी राजनीति का केंद्र बनाया। उनके कार्यकाल में डिजिटल सेवाओं का विस्तार, आधारभूत संरचना निर्माण और कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रसार देखने को मिला।

**प्रमुख उपलब्धियां:**

जीएसटी लागू करना
डिजिटल इंडिया और यूपीआई क्रांति
जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना
बड़े पैमाने पर सड़क, रेलवे और हवाई अड्डा विकास
कोविड-19 टीकाकरण अभियान
प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) का विस्तार

**आलोचनाएं:**

बेरोजगारी और रोजगार सृजन पर प्रश्न
कृषि कानूनों को वापस लेने की स्थिति
सामाजिक ध्रुवीकरण के आरोप
बढ़ती आर्थिक असमानता पर चिंताएं

**जमीनी हकीकत**

नेहरू और मोदी की तुलना करते समय यह समझना आवश्यक है कि दोनों अलग-अलग परिस्थितियों में शासन कर रहे थे। नेहरू को एक नवस्वतंत्र, संसाधन-विहीन राष्ट्र मिला, जबकि मोदी को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत मिला। नेहरू ने संस्थाओं की नींव रखी, जबकि मोदी उन संस्थाओं और तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर व्यापक स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर केंद्रित रहे। नेहरू के समय विकास का लाभ सीमित वर्ग तक पहुंचा, जबकि मोदी काल में डिजिटल तकनीक के कारण सरकारी योजनाओं की पहुंच अधिक व्यापक हुई है। दूसरी ओर, रोजगार, कृषि आय और सामाजिक



समरसता जैसे मुद्दे आज भी चुनौती बने हुए हैं।

**निष्कर्ष** : इतिहास किसी भी नेता का मूल्यांकन केवल कार्यकाल की अवधि से नहीं, बल्कि उसके दीर्घकालिक प्रभाव से करता है। नेहरू को आधुनिक भारत की संस्थागत नींव रखने वाले नेता के रूप में याद किया जाएगा, जबकि मोदी को भारत के डिजिटल, आधारभूत संरचना और कल्याणकारी परिवर्तन के प्रमुख चेहरों में गिना जाएगा।

दोनों नेताओं के समर्थक और आलोचक अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करते रहेंगे, लेकिन यह निर्विवाद है कि नेहरू और मोदी भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के दो सबसे प्रभावशाली प्रधानमंत्रियों में शामिल हैं। राष्ट्र निर्माण की नींव और नए भारत के निर्माण की आकांक्षा—इन दोनों धाराओं ने मिलकर आज के भारत की तस्वीर गढ़ी है।अनुच्छेद 370 से राम मंदिर तकः मोदी युग के दो ऐतिहासिक निर्णय

भारतीय राजनीति में कुछ निर्णय ऐसे होते हैं जो केवल सरकारी फैसले नहीं रहते, बल्कि देश की दिशा और राजनीतिक विमर्श को दशकों तक प्रभावित करते हैं। प्रधानमंत्री Narendra Modi के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को ऐसे ही दो ऐतिहासिक घटनाक्रमों के रूप में देखा जाता है। समर्थकों के अनुसार इन दोनों निर्णयों ने लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान किया, जबकि आलोचकों ने इनके विभिन्न पहलुओं पर सवाल भी उठाए। फिर भी यह निर्विवाद है कि इन फैसलों ने भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ा है।

**अनुच्छेद 370: एक युग का अंत**-5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने का निर्णय लिया। भारतीय जनसंघ और बाद में भाजपा दशकों से इस मुद्दे को अपने प्रमुख वैचारिक एजेंडे में रखती रही थी।

सरकार का तर्क था कि विशेष प्रावधानों के कारण जम्मू-कश्मीर देश की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया था। अनुच्छेद 370 हटने के बाद सभी केंद्रीय कानून वहां लागू हुए और राज्य का पुनर्गठन कर दो केंद्रशासित प्रदेश बनाए गए।

समर्थकों का मानना है कि इससे राष्ट्रीय एकीकरण मजबूत हुआ, निवेश की संभावनाएं बढ़ीं और अलगाववाद को कमजोर करने में मदद मिली। वहीं आलोचकों ने राज्य का दर्जा समाप्त करने, लंबे समय तक लगाए गए प्रतिबंधों और राजनीतिक प्रक्रिया पर पड़े प्रभाव को लेकर प्रश्न उठाए।

राम मंदिरः सदियों की प्रतीक्षा का अंत

अयोध्या में राम मंदिर का मुद्दा भारतीय राजनीति और समाज का सबसे चर्चित विषय रहा है। 2019 में Supreme Court of India के ऐतिहासिक निर्णय के बाद मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। जनवरी 2024 में भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ।

करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था की पूर्ति का क्षण था। सरकार और भाजपा समर्थक इसे भारतीय सभ्यता के गौरव की पुनर्स्थापना मानते हैं। अयोध्या आज एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। नए हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, सड़कें और अन्य आधारभूत सुविधाओं ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। स्थानीय व्यापार और पर्यटन को भी इसका लाभ मिला है।

**राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव**-अनुच्छेद 370 और राम मंदिर दोनों ही भाजपा के लंबे समय से घोषित प्रमुख मुद्दे रहे हैं। इन दोनों वादों को पूरा कर मोदी सरकार ने अपने समर्थक आधार में मजबूत विश्वास स्थापित किया। यही कारण है कि ये निर्णय केवल प्रशासनिक या कानूनी घटनाएं नहीं रहे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के निर्णायक मोड़ बन गए।

**निष्कर्ष**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लंबे कार्यकाल का मूल्यांकन भविष्य में अनेक आधारों पर होगा, लेकिन अनुच्छेद 370 का हटना और राम मंदिर का निर्माण उनके राजनीतिक जीवन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में गिने जाएंगे। इन दोनों फैसलों ने भारत की राजनीति, राष्ट्रीय पहचान और जनभावनाओं पर गहरी छाप छोड़ी है। समर्थक इन्हें ऐतिहासिक भूलों का सुधार बताते हैं, जबकि आलोचक इनके विभिन्न प्रभावों पर बहस करते हैं। लेकिन इतना निश्चित है कि आने वाले दशकों में मोदी युग की चर्चा इन दो निर्णयों के बिना अधूरी रहेगी।

**स्वतंत्र पत्रकार,राजनितिक विश्लेषक**

## राशिफल

मेष राशिः आज घर में इतना सुकून मिलेगा कि बाहर जाने का मन ही नहीं करेगा मेष राशि वालों के लिए आज का दिन घर और परिवार के लिहाज से साल के सबसे खूबसूरत दिनों में से एक है। चंद्रदेव, शुक्रदेव और बृहस्पति तीनों आज आपके चौथे घर में एक साथ हैं।

वृष राशिः आज आपकी बात में ऐसी मिठास होगी जो सामने वाला भूल नहीं पाएगा. वालों के लिए आज का दिन बातचीत के मामले में बेहद खास है। लग्नेश शुक्रदेव आज चंद्रदेव के साथ तीसरे घर में एक ही नक्षत्र में बैठे हैं, और उनके साथ बृहस्पति भी हैं।

थिुन राशिः आज आपकी बुद्धि और बोलने की ताकत दोनों बेहतर रहेंगे मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन बौद्धिक और संवादात्मक रूप से साल का सबसे ताकतवर दिन हो सकता है। बुधदेव आज पुनर्वसु नक्षत्र के तीसरे पद में हैं और सूर्यदेव के साथ लग्न स्थान में मौजूद हैं।

कर्क राशिः आज लग्नेश चंद्रमा अपने घर आ गए हैं, जहां तीन ग्रह मिलकर जादू करेंगे वालों के लिए आज का दिन साल के सबसे खुशनुमा दिनों में से एक है। आपके राशि के स्वामी चंद्रदेव आज अपनी ही घर में वापस आ गए हैं। उनके साथ शुक्रदेव भी पुष्य नक्षत्र में एक साथ हैं और बृहस्पति तो पहले से ही यहां बैठे हैं।

सिंह राशिः एकांत में आज एक ऐसी शांति मिलेगी, जिसका असर कई दिनों तक रहेगा सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन एकांत और आध्यात्मिकता के लिहाज से बेहद खास है। चंद्रदेव, शुक्रदेव और बृहस्पति तीनों बारहवें घर में एक साथ हैं। यह तिकड़ी जब एकांत वाले घर में होती है, तो जो भी ध्यान, प्रार्थना, या शांत बैठकर सोचने में वक्त लगाया जाए वो बेशकीमती होता है।

कन्या राशिः करियर में आज तीन बड़े ग्रहों की ताकत दिलाएगी सम्मान कन्या राशि वालों के लिए आज करियर के मामले में एक बेमिसाल दिन है। आपके लग्नेश बुधदेव आज अपनी सबसे ताकतवर स्थिति में हैं, पुनर्वसु के तीसरे पद में जो उनकी खुद की नवांश है।

तुला राशिः करियर में आज तीन बड़े ग्रह एक साथ खड़े हैं, कोई मौका मत जाने दें तुला राशि वालों के लिए आज का दिन करियर के मामले में साल के सबसे उज्ज्वल दिनों में से एक है। चंद्रदेव, लग्नेश शुक्रदेव और बृहस्पति तीनों दसवें घर में एक साथ हैं। जब तीन बड़े ग्रह करियर के घर में होते हैं तो उस दिन जो भी कदम उठाया जाए उसका असर बहुत गहरा और टिकाऊ होता है।

वृश्चिक राशिः भाग्य में आज तीन बड़े ग्रहों की कृपा मिलेगी वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन भाग्य के मोर्चे पर किसी वरदान से कम नहीं है। चंद्रदेव, शुक्रदेव और बृहस्पति तीनों नौवें घर में एक साथ हैं। यह घर जब तीन बड़े ग्रहों से भरा हो, तो किस्मत खुद आगे बढ़कर मदद करने लगती है।

धनु राशिः छुपी हुई नेमतें आज खुलकर सामने आ रही हैं धनु राशि वालों के लिए आज का दिन उन आशीर्वादों का है, जो अचानक से जीवन को बेहतर बनाते हैं। लग्नेश बृहस्पति, चंद्रदेव और शुक्रदेव तीनों आठवें घर में एक साथ हैं।

मकर राशिः साझेदारी और प्रेम में आज तीन ग्रहों का दुर्लभ और शुभ संयोग है मकर राशि वालों के लिए आज का दिन रिश्तों के लिहाज से साल का सबसे खास दिन हो सकता है। चंद्रदेव, योगकारक शुक्रदेव और बृहस्पति तीनों सातवें घर में एक साथ हैं।

कुंभ राशिः सेहत और मुकाबले में आज एक दुर्लभ संयोग बना है कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन सेहत और प्रतिस्पर्धा के मोर्चे पर साल का सबसे शक्तिशाली दिन है। योगकारक शुक्रदेव, चंद्रदेव और बृहस्पति तीनों छठे घर में एक साथ हैं।

मीन राशिः आज का दिन प्रेम और रचनात्मकता के लिए बेहतर है मीन राशि वालों के लिए आज का दिन प्रेम और रचनात्मकता के मामले में साल के सबसे दिव्य दिनों में से एक है। आपके लग्नेश बृहस्पति, चंद्रदेव और शुक्रदेव तीनों पांचवें घर में एक साथ हैं।

## सू- दोकू क्र.073

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -073

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# आकांक्षाओं का गणित: भारत में रोजगार का सवाल अब स्थिरता पर क्यों निर्भर है

**डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन**

जब 1954 में सर आर्थर लुईस ने गरीब अर्थव्यवस्थाओं के अमीर बनने की परिघटना को समझाने का काम शुरू किया, तो उन्होंने विकास की मुख्य प्रक्रिया को पूंजीके संचयके रूप में नहीं बल्कि



कामगारों के जीवन-निर्वाह वाली खेती से हटकर अधिक कमाई वाले उद्योगों एवं सेवा क्षेत्रों की ओर मुड़ने के तौर पर पहचाना। उनका यह अनुमान बिल्कुल ही सही था कि यही बदलाव देर से औद्योगीकरण करने वाले हर देश का भविष्य तय करेगा।आज भारत ठीक इसी मोड़ पर खड़ा हैऔर नीति-निर्माताओं के सामने सवाल पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध कराने भर का नहीं है। बल्कि, उनके सामने इससे भीअधिक अहम सवाल यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसी नौकरियां पैदा करने की स्थिति में है या नहींजो पर्याप्त तादाद में हों, औपचारिक हों और एक युवा कामगार को जीवन भर बढ़ती उत्पादकता एवं सुरक्षा दे सकने लायक टिकाऊ हों। इस जिम्मेदारी के भार को काफी सटीकता से बताया जा सकता है।'आर्थिक समीक्षा 2023-24'ने 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे)'और आबादी से जुड़े अनुमानों के आधार पर यह अनुमान लगाया है कि इस दशक की बाकी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था को हर वर्ष लगभग 78.5 लाख गैर-कृषि नौकरियां सृजितकरनी होंगी। यह आंकड़ा दो बढ़ते दबावों का नतीजा हैः पहला, कामकाज के क्षेत्र में लोगों की भागीदारी बढ़ने के साथ श्रमशक्ति में हो रही लगातार बढ़ोतरी; और दूसरा, संरचनात्मक बदलाव के कारण खेती से बाहर आने वालेकामगार।रोजगार में खेती की हिस्सेदारी अभी भी लगभग 46 प्रतिशत है। वर्ष 2047 तकइस हिस्सेदारी के घटकर एक-चौथाई तक आ जाने की संभावना है। जुलाई 2025 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर की गई और उसके अगले महीने से शुरू हुई 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना'उस अंतर को पाटने की अब तक की सबसे सोची-समझी कोशिश है। इस योजना के तहत, जुलाई 2027 तक की दो वर्षों की अवधि में 3.5 करोड़ से अधिक औपचारिक नौकरियां सृजित करने हेतु'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ)'के जरिए 99,446 करोड़ रुपये लगाए जा रहे हैं।ईपीएफओमें पंजीकृत किसी कंपनी में पहली बार शामिल होने वाला और महीने में एक लाख रुपये से कम कमाने वाला कामगार, दो किस्तों में कुल 15,000 रुपये तक पाने का हकदार बन जाता है। दूसरी किस्त वित्तीय साक्षरता पाठ्यक्रम(फाइनेंशियल लिटरेसी कोर्स) करने पर और बचत (सेविंग्स) के तौर पर मिलती है। वहीं, निर्धारित आधार-रेखा (बेसलाइन) से अधिक लोगों को नौकरी पर रखने वाले नियोक्ताओं को हर नए कामगार के लिए महीने में 3,000 रुपये तक मिलते हैं। ये शर्तें कुछ इस तरह तय की गई हैं कि छोटी कंपनियां भी इसके दायरे से बाहर हो जाने के बजाय इसमें शामिल हो सकें।

यह योजना भर्तीसंबंधी सब्सिडी वाले आम व निराशाजनक तरीकों से इसलिए अलग और बेहतर है क्योंकि इसमें पहला लाभ मिलने से पहले छह महीने तक लगातार नौकरी करना आवश्यक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहली बार काम करने वाले को नौकरी पर रखने का लाभ तभी मिलता है जब वह कर्मचारी काम में कुशल बन जाए और टिका रहे। यह शर्त शुरुआती भर्ती को एक पक्की प्रतिबद्धता



में बदल देती है, जिससे नियोक्ता को प्रशिक्षण की लागत वसूलने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और कर्मचारी को भी उतने महीने मिल जाते हैं जिनमें वह असली हुनर सीख सके और भरोसेमंद रिकॉर्ड बना सके। इस तरह, यह योजनाकेवल नौकरी देने के लिए नहींबल्कि कर्मचारी को बनाए रखने की अपेक्षाकृत अधिककठिन प्रक्रिया के लिए पुरस्कृत करती हैऔर इसके बाद कर्मचारी के पास रोजगार क्षमता एक ऐसा ट्रैक रिकॉर्डहोता है जिसका वह कहीं भी सदुपयोग कर सकता है।

इस योजना का सबसे अधिक झुकाव मैन्यूफैक्चरिंग की ओर है, जहां नियोक्ता को मिलने वाला प्रोत्साहन दो वर्ष के बजाय चार वर्ष तक मिलता है। समय-सीमा को दोगुनी करने का यहनिर्णयऔद्योगिक क्षमता तैयार होने में लगने वाले अधिक समय को ध्यान में रखकर लिया गया है। साथ ही, इससे निर्माता (मैन्यूफैक्चरर) समय से पहले स्वचालित व्यवस्था (ऑटोमेशन) लाकर कामगारों को हटाने के बजाय श्रमशक्ति बढ़ाने की ओर प्रेरित होते हैं। अहम बात यह है कि सरकार ने इसे देश कोवैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग केन्द्रबनाने के लक्ष्य को हासिल करने की दृष्टि से जरूरी माना है। ईपीएफओके जरिए, हर नए कामगार को एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर मिलता है और उन्हें सामाजिक सुरक्षा का पहली बार अहसास होता है। अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले बहुत कम कामगारों को यह सुरक्षा मिल पाती है। इस योजना के शुरुआती नतीजे बेहद उत्साहजनक रहे हैं।इसकेशुरू होने के बाद से लगभग 60 लाख नए कर्मचारी नामांकित हुए हैं।इनमें से अधिकतर 30 वर्ष से कम आयु के हैं और 18 लाख से अधिकमहिलाएं हैं। वहीं, लगभग 1.77 लाख प्रतिष्ठानों ने 66 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। इन प्रतिष्ठानों में कई ऐसी छोटी कंपनियां शामिलहैं,जहां लंबे समय से अनौपचारिक काम का बोलबाला रहा है। हालांकि, एक अच्छी शुरुआत को पूरी तरह से सफल बदलाव मान लेना नासमझी होगी। इस योजना में धोखाधड़ी में शामिल कंपनियों को बाहर रखने, हर छह महीने में इलेक्ट्रॉनिक रिटर्न के जरिए यह सुनिश्चित करना कि नौकरी सिर्फ कागजों के बजाय असल में बनी हुई हैऔर भुगतान की स्वचालित प्रणाली जैसी कई अच्छी बातें हैं। ये सभी खूबियां इस बात को दर्शाती हैं कि योजनाकारों को इस बात का अहसास है कि ऐसी योजना में उन भर्तियों को लाभ नहीं मिलना चाहिए जो अन्यथाभी हो जातीं। इसकी असली सफलता पहले वर्ष में नामांकित लोगों के आंकड़ों से नहीं, बल्कि इस बात से पता चलेगी कि वे नौकरियां उस प्रोत्साहनके समाप्त होने के बाद भी बनी रहती हैं या नहीं और इससे पैदा होने वाली मांग को पूरा करने के लिए काम के लायक युवा मौजूद हैं या नहीं। इसीलिए, इस योजना की सफलता कौशल को सिखाने में किए जा रहे निवेश से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।

यह याद रखना ज़रूरी है कि बेरोजगारी सिर्फ आमदनी से ही वंचित नहीं करती, बल्कि यह लोगों के हुनर, आत्म-सम्मान और समाज में उनकी हैसियत को भी कमजोर करती है। वोल्टेयर ने भी यही बात कही थी जब उन्होंने कैंडिड के जरिए यह निष्कर्ष दिया था कि काम करने से तीन बड़ी समस्याएं - बोरियत, बुराई और अभाव - दूर रहती हैं। इस तरह की योजना की अहमियत इसलिए है क्योंकि यह रोजगार के सही और संपूर्ण मतलब को समझती है।यह औपचारिक नौकरी को सिर्फ गिनती के आंकड़े के तौर पर नहीं, बल्कि कामकाजी जीवन की पहली सुरक्षित सीढ़ी के तौर पर देखती है। अबजबकि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है, तो चुनौती इस बात की है कि इस योजना में दिखाई गई धैर्य की भावना को बनाए रखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि युवाओं को सार्थक रोजगार, जिसे प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय परियोजना के केन्द्र में रखा है, कुछ समय के प्रोत्साहन तक सीमित रहने के बजाय एक पूरी पीढ़ी के लिए टिकाऊ, उत्पादक और सम्मानजनक काम के रूप में मिले।

**(लेखक भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं)**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर

# बिजली दर वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, बिजली ऑफिस घेरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा,18 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बिजली दरों में की गई वृद्धि के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। खराब मौसम और बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे तथा बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर बिजली दर वृद्धि के फैसले के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है। पहले पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम जनता परेशान है, वहीं अब बिजली दरों में वृद्धि कर सरकार ने लोगों की जेब पर एक और बड़ा बोझ डाल दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इस फैसले का सबसे अधिक असर गरीब, मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारियों और किसानों पर पड़ेगा।प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे और वहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली दर वृद्धि को वापस लेने की मांग की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन करने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके चलते कुछ देर के लिए पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। पूरे घटनाक्रम के दौरान बारिश लगातार जारी रही, लेकिन कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ।इस अवसर पर पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बिजली दरों में की गई वृद्धि सीधे तौर पर आम जनता और किसानों पर आर्थिक हमला है। सरकार को जनता की परेशानियों की चिंता नहीं है और वह लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ जनता के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तथा किसानों के कृषि विद्युत दर में 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर आम लोगों, व्यापारियों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। प्रदेश में पहले से ही महंगाई चरम पर है। ऐसे समय में बिजली दरों में बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ता इस निर्णय से प्रभावित होंगे। सरकार को तत्काल बढ़ी हुई दरें वापस लेकर जनता को राहत देनी चाहिए।जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि किसानों, मजदूरों और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए बिजली एक आवश्यक सेवा है। बिजली की कीमत बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और सरकार को जनविरोधी फैसले वापस लेने के लिए मजबूर करेगी।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार यह आंदोलन पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। यदि सरकार ने बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शकील अहमद रिजवी, महिला शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, भीमसेन मांडवी, रवीश सुराना, रजत दहिया, राधा नाग, रोशन पवार, उमेश कश्यप, बलदेव सोढ़ी, एन नागराज, ऋषभ सुराना, कृष्णा, हेम कुमार नाग, बाल सिंग, महादेव ठाकुर, विवेक यादव, सुखराम नाग, धीरू नाग, कीरत आलमी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### नीट-2026 परीक्षा के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 जून।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-U G 2026) के सफल, सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला शिक्षा कार्यालय, कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में 15 जून से 23 जून 2026 तक नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। परीक्षा अवधि के दौरान यह कक्ष अभ्यर्थियों, पालकों एवं संबंधित पक्षों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा परीक्षा संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान में सहायता करेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पाण्डेय को नियुक्त किया गया है, जबकि सहायक ग्रेड-02 , मनोज कावटी को नियंत्रण कक्ष संचालन एवं अभिलेख संधारण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी भी सूचना अथवा समस्या के लिए नागरिक एवं अभ्यर्थी कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 9424282734 पर संपर्क कर सकते हैं।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि नियंत्रण कक्ष निर्धारित अवधि तक निरंतर सक्रिय रहे तथा प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेत बचाना जरूरी : अरुण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 18 जून।** इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञानं केंद्र, बीजापुर द्वारा इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालया के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस. एस. टुटेजा के निर्देशानुसार व कृषि विज्ञानं केंद्र, बीजापुर के वरिष्ठ बैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी के मार्गदर्शन में दिनांक 17 जुन को खेत बचाओ अभियान अंतर्गत ब्लॉक भैरमगढ़ ग्राम दरकपाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । श्री सकनी ने भविष्य के पीढ़ियों के लिए खेत बचाने पे जोर दिया, उसके लिए जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, हरी खाद अपनाने पे जोर दिया। डॉ. शमशेर ने बताया कि कैसे धान की फसल में नील हरित शैवाल का उपयोग करके उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है, साथ ही साथ जैविक बीज उपचार, बायोफर्टिलाइजर के संबंध में विस्तार से बताया। विजेश महाराणा (सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर, भारत सरकार, न्यू दिल्ली) ने किसानों को संबोधित करते हुवे कहा कि हमें फसल चक्र, जिसमें दलहनी तथा तिलहनी फसलों का समावेश हो को अपनाना है, सुपर एल नीनो के कारण कम वर्षा होने की संभावना तथा उसके लिए विशेष तैयारी पे बल दिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कर्मचारी, तथा बड़ी संख्या में किसान भाई बंधु उपस्थित थे।

### उपजेल बीजापुर का विशेषज्ञ समिति ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 18 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग, नया रायपुर तथा कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा बुधवार को उपजेल बीजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों की स्थिति, सुविधाओं एवं उनके अधिकारों से संबंधित व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था।निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने उपजेल के प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। समिति द्वारा जेल परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया।निरीक्षण के समय उपजेल बीजापुर में कुल 197 निरुद्ध बंदी पाए गए। समिति ने सभी बंदियों से पूछताछ कर उनकी स्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।इस दौरान धानेन्द्र कुमार, सहायक उप जेल अधीक्षक उपस्थित रहे। विशेषज्ञ समिति में नीलाबाई यालम (सदस्य, जेजेबी), मिली सत्यन (सदस्य, सीडब्ल्यूसी), नवीन मिश्रा (संरक्षण अधिकारी), आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), देवाअम्मा मेकल (महिला प्रधान आरक्षक) तथा संदीप चिड़ेम (सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल रहे।विशेषज्ञ समिति ने निरीक्षण के दौरान बंदियों की स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन कर आवश्यक तथ्यों का संकलन किया, जिससे भविष्य में जेल प्रबंधन एवं बंदी कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 जून से 2 जुलाई तक

**बीजापुर 18 जून।** निजी क्षेत्र के संस्थान कैप्टन सर्विसेस लिमिटेड हैदराबाद (टीएस) द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर पदों पर कौशल प्रशिक्षण उपरांत नियोजन किये जाने हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार ईच्छुक युवकों के लिए पंजीयन शिविर 22 जून 2026 को थाना भैरमगढ़, से शुरू हो रहा है। इसी तरह 23 जून को थाना भोपालपटनम, 24 जनू को थाना उसूर, 30 जून को थाना कोतवाली बीजापुर एवं 02 जुलाई 2026 को थाना गंगालूर में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक युवा सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ अपने-अपने क्षेत्र के थाना में आयोजित शिविर में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9826641162 एवं 9059960343 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर

### कोयाईटपाल-डोगरीपारा में बनेगी पक्की पुलिया पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने दिया आश्वासन



**बीजापुर 18 जून (तछसं.)।** बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत पेद्दाकोड़ेपाल के आश्रित ग्राम कोयाईटपाल-डोगरीपारा में वर्षों से पुलिया की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। लगभग 200 ग्रामीण आजादी के बाद से अस्थायी लकड़ी की पुलिया के सहारे आवाजाही करने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जिससे ग्रामीणों की जान हमेशा जोखिम में बनी रहती है।ग्रामीणों की सूचना पर भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक के.जी. सुधाकर, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप तेलम एवं सहसंयोजक जितेंद्र तेलम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं का जायजा लिया। ग्रामीणों ने उन्हें पुलिया निर्माण की मांग से अवगत कराया।भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक के.जी. सुधाकर ने तत्काल पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश गागड़ा से दूरभाष पर संपर्क कर ग्रामीणों की समस्या की जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए महेश गागड़ा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वर्षा ऋतु समाप्त होते ही कोयाईटपाल-डोगरीपारा में 6 मीटर लंबी नई पक्की पुलिया के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगा।पूर्व मंत्री के आश्वासन से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने महेश गागड़ा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिया निर्माण होने से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

### शासन के आदेश को ठेंगा! बीजापुर की तीनों जनपद पंचायतों में अन्य अफसर संभाल रहे सीईओ का प्रभार

**बीजापुर,18 जून (तछसं.)।** राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बीजापुर जिले की तीनों प्रमुख जनपद पंचायतों में सीईओ पद की व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 11 अप्रैल 2025 को जारी आदेश में अनुसूचित क्षेत्रों की जनपद पंचायतों में सीईओ का प्रभार विभागीय अधिकारियों को दिए जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन बीजापुर जिले में अब भी अन्य विभागों के अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ जनपद पंचायत में डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तंबोली, भोपालपटनम जनपद पंचायत में डिप्टी कलेक्टर आदित्य कुंजाम तथा बीजापुर जनपद पंचायत में डीडी पंचायत हिमांशु साहू सीईओ का प्रभार संभाल रहे हैं। जबकि शासन के निर्देशों के अनुसार यह जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों को दी जानी चाहिए।11 अप्रैल 2025 को जारी आदेश में प्रमुख सचिव ने स्पष्ट उल्लेख किया था कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास तथा सीईओ जनपद पंचायत के पद अनुसूचित क्षेत्रों में विभागीय रूप से स्वीकृत प्रथम श्रेणी के पद हैं। इन पदों पर नियुक्त अधिकारी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित होते हैं और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों की विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।शासन ने यह भी कहा था कि विभागीय पदों पर अन्य अधिकारियों को प्रभार देने से प्रशासनिक और न्यायालयीन विवाद की स्थिति निर्मित होती है तथा स्थापना संबंधी मामलों के निराकरण में कठिनाइयां आती हैं।

बिना अनुमति प्रभार परिवर्तन पर उठे सवाल-सूत्रों के अनुसार शासन की पूर्व अनुमति के बिना किए गए इन प्रभार परिवर्तनों को लेकर विभागीय अधिकारियों में भी नाराजगी है। जानकारों का कहना है कि यदि शासन के आदेशों की अनदेखी जारी रही तो भविष्य में यह मामला विवाद का विषय बन सकता है।स्वास्थ्य कारणों से पदमुक्ति का आवेदन-इस मामले में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने बताया कि संबंधित सीईओ अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से पदमुक्त किए जाने हेतु आवेदन दिया गया था। इसी कारण अस्थायी व्यवस्था के तहत डिप्टी कलेक्टरों को प्रभार सौंपा गया है।कई सवाल उठ रहे हैं जब शासन ने अनुसूचित क्षेत्रों की जनपद पंचायतों में विभागीय अधिकारियों को ही सीईओ का प्रभार देने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं, तो फिर बीजापुर जिले की तीनों जनपद पंचायतों में अब तक वैकल्पिक विभागीय व्यवस्था क्यों नहीं की गई? क्या यह केवल अस्थायी प्रशासनिक व्यवस्था है या शासन के आदेशों की खुली अवहेलना जिले में यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है और लोगों की निगाहें शासन एवं जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# विधायक ने मिनगाचल नदी में अवैध रेत उत्खनन का भंडाफोड़ किया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 18 जून।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने देर रात मिंगाचल नदी में चल रहे अवैध खनन का भंडाफोड़ किया। बताया जा रहा है कि रात करीब 1:30 बजे नदी में चैन माउंटिंग मशीन, पोकलेन और जेसीबी की मदद से बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था।मिली जानकारी के मुताबिक रेत माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर नदी का सीना चीर रहे थे और भारी मशीनों से रेत निकालकर वाहनों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर डंप किया जा रहा था। रातभर रेत की ढुलाई का काम लगातार जारी था।

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे विधायक**-अवैध उत्खनन की सूचना मिलते ही विधायक विक्रम मंडावी स्वयं रात में मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पहुंचकर उन्होंने तत्काल नैमेड थाना प्रभारी तथा खनिज विभाग के अधिकारियों को फोन पर सूचना दी और कार्रवाई के निर्देश दिए।

**प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई**-विधायक की सूचना पर खनिज विभाग के अधिकारी और नैमेड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान नदी में अवैध खनन में उपयोग किए जा रहे वाहनों और मशीनों को चिन्हित किया गया। प्रशासन द्वारा मौके से एक पोकलेन मशीन, एक जेसीबी मशीन तथा टिप्पर कुल चार वाहनों को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों द्वारा खनन से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

**रेत माफियाओं में हड़कंप**-इस छापामार कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से क्षेत्र में अवैध उत्खनन की शिकायतें की थीं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।

**आगे हो सकती है बड़ी कार्रवाई**-खनिज विभाग और पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ खनिज अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई किए जाने की संभावना है।

### श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

**जगदलपुर, 18 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत सभी श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। श्रम पदाधिकारी श्री भूपेंद्र नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी पूर्ण होने के उपरांत ही उन्हें तथा उनके परिवार के पात्र सदस्यों को श्रम कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सकेगा। जिन श्रमिकों द्वारा ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाएगी, वे विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने जिले के समस्त पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे शीघ्रातिशीघ्र अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र अथवा निर्धारित माध्यम से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

# पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग, दंतेवाड़ा जिला पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा,18 जून।** दंतेवाड़ा जिला पत्रकार संघ ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं स्वतंत्र पत्रकारिता सुनिश्चित करने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संवेदनशील क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार अनेक चुनौतियों और जोखिमों के बीच अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में जनहित से जुड़े समाचारों के प्रकाशन के कारण पत्रकारों के खिलाफ झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के मामले बढ़े हैं, जिससे पत्रकारों को अनावश्यक दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि कई मामलों में बिना समुचित जांच के ही पत्रकारों के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। इससे पत्रकारों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है और स्वतंत्र पत्रकारिता प्रभावित हो रही है।संघ ने बताया कि वर्ष 2023 में पत्रकार सुरक्षा संबंधी विधेयक विधानसभा में पारित किया गया था तथा इसका राजपत्र में प्रकाशन भी हो चुका है, लेकिन आज तक इसे पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है। इसके कारण पत्रकार अपेक्षित कानूनी संरक्षण से वंचित हैं।ज्ञापन में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने के कई महत्वपूर्ण कारण भी बताए गए हैं। इनमें झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर नियंत्रण, पत्रकारों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर कार्य करने का अवसर, धमकी और प्रताड़ना की घटनाओं में कमी, कानूनी संरक्षण की उपलब्धता तथा स्वतंत्र पत्रकारिता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मजबूती प्रदान करना शामिल है।

दंतेवाड़ा जिला पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता को सुनिश्चित करने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून को जल्द से जल्द लागू किया जाए तथा आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विनोद सिंह, यशवंत यादव, वेद प्रकाश संगम, चंद्रकांत सिंह क्षत्रिय, पंकज भदौरिया, कवि सिन्हा, दिनेश गुप्ता, जागेश्वर नाग, एस कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# पनिशमेंट या अवॉर्ड पोस्टिंग,अजय सोनकर की नई पदस्थापना पर उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 18 जून।** बस्तर क्षेत्र के चार टीवी पत्रकारों को कथित रूप से फर्जी गांजा प्रकरण में फंसाने के मामले से जुड़े कोंटा थाना के पूर्व प्रभारी अजय सोनकर की नई पदस्थापना को लेकर पत्रकारों और मीडिया जगत में बहस तेज हो गई है। पत्रकार संगठनों और स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि जिस मामले को लेकर वर्षों से न्यायिक प्रक्रिया चल रही है, उसी मामले से जुड़े अधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कोंटा थाना क्षेत्र में हुए चर्चित प्रकरण में चार वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र सिंह , बप्पी राय, मनीष सिंह और नीशू द्विवेदी को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार करवाया गया था। बाद में इस कार्रवाई को लेकर गंभीर विवाद खड़ा हुआ और पत्रकारों की ओर से कहा गया कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया। सीसीटीवी के कुछ फुटेज सामने आने के बदमा मले में अजय सोनकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने तथा उन्हें निलंबित किए जाने और न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की भी जानकारी सामने आई थी।पत्रकारों का कहना है कि संबंधित प्रकरण का अंतिम न्यायिक निर्णय अभी तक नहीं आया है और चारों पत्रकारों को आज भी न्यायिक प्रक्रिया के तहत नियमित रूप से तेलंगाना में उपस्थिति दर्ज करानी पड़ रही है। ऐसे में संबंधित अधिकारी की नई पदस्थापना को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि यह प्रशासनिक कार्रवाई है या फिर पदोन्नति जैसी स्थिति।स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि मामले की पूरी सच्चाई अभी न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है, लेकिन नई नियुक्ति से ऐसा संदेश जा रहा है मानो संबंधित अधिकारी को पूरी तरह निर्दोष मान लिया गया हो। पत्रकार संगठनों ने इस पर सरकार से स्पष्टता की मांग की है।पत्रकारों का कहना है कि लोकतंत्र में मीडिया की स्वतंत्रता और पत्रकारों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच और न्याय सुनिश्चित होना चाहिए। वहीं, प्रशासनिक हलकों में इस पदस्थापना को सामान्य तबादला प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है। फिलहाल, इस पूरे मामले में पत्रकार समुदाय का एक ही सवाल है÷यह पनिशमेंट पोस्टिंग है या फिर अवॉर्ड पोस्टिंग?

### आदिवासी क्रीड़ा परिसर कांकेर व नरहरपुर में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 27 जून से

**कांकेर 18 जून ।** जिले के शासकीय आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर तथा शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसके लिए योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा आदिवासी छात्र-छात्राओं का चयन 10 बैटरी टेस्ट के आधार पर किया जाएगा।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा 22 जून तथा अंतिम चयन 27 जून 2026 को प्रातः 9 बजे से परिसर के खेल मैदान में आयोजित होगा। वहीं बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा 24 जून तथा अंतिम चयन 01 जुलाई 2026 को प्रातः 9 बजे से खेल मैदान में किया जाएगा।

# अशोक राठी के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कांकेर, 18 जून।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक एवं चेंबर आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक राठी के जन्म उत्सव एवं नवीन सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर सम्मान समारोह/वृक्षारोपण व संगीतमय आयोजन रखा गया। वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति एक निष्ठ व पर्यावरण की सुरक्षा का भाव अभिव्यक्त करते हुए राठी भैया ने अपने जन्मदिन को महत्वपूर्ण आयाम प्रदान किया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया गया।उसके पश्चात विद्यालय के समस्त आचार्यो/दीदियो, अन्य कर्मचारियों,गत सत्र के मेधावी विद्यार्थियों, योग ग्रुप के मोहन सेनापतिह जागेश्वर देवांगन व पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दे रहे गार्डन के सफाई कर्मी,श्री यादव जी,साहूजी, का माननीय व्यवस्थापक अशोक राठी जी के द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही विशिष्ठ जनों को भी सम्मानित किया गया। सत्रारम्भ व जन्मदिन पर अशोक राठी ने कहा कि आज हम सब एक नई उमंग लेकर, एक नये उत्साह के साथ इस उत्सव में शामिल हुए हैं। जहां एक ओर शिक्षा सत्र 2026-27 का प्रारंभिक दौर है, वहीं आज मेरे जन्म दिवस पर आप सभी का प्यार एवं आशीष मुझे प्राप्त हो रहा है। आप लोगों की उपस्थिति और आज के दिन को आप लोगों के द्वारा एक उत्सव का स्वरूप प्रदान करने पर मै अत्यंत भावविभोर हूँ।उन्होंने कहा कि हमें एक लक्ष्य के साथ अनुशासन बद्ध रहते हुए विद्यालय के विकास में अपना योगदान देना है। आज मेरे जन्मदिन की इस बेला को आप लोगों ने एक भव्य रूप प्रदान किया है। संगीत के क्षेत्र में आप लोगों की उपलब्धता आयोजन को सुंदर स्वरूप में ढ़ालती है। मै अत्यंत अभिभूत हूँ।उन्होंने एक गीत पल दो पल का शायर हूँ,प्रस्तुत कर सभी को आत्म विभोर कर दिया। सह सचिव श्री अजय जैन ने कहा कि हमें पूरे उत्साह के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में कार्य करना होगा। राठी भैया बहुत ही सौम्य प्रकृति के है। उनका जन्मदिन प्रति वर्ष संगीतमय परिवेष में मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज हम सब उनका जन्मदिन मना रहे हैं।योग संचालक श्री मोहन सेनापति ने कहा कि राठी भैया सदैव समाज सेवा व योग व अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। वे सरस्वती शिशु मंदिर जैसे श्रेष्ठ विद्यालय के व्यस्थापक के रूप में शैक्षिक क्षेत्र में पूरी निष्ठा के साथ अपना योगदान भी दे रहे हैं। जन्मोत्सव पर उन्हें हम बारंबार बधाई देते हैं।उपाध्याय श्री राम शरण जैन ने कहा कि राठी जी के जन्मदिन पर मै उनके स्वस्थ दीर्घ जीवन की मंगल कामना करता हूँ। यशवंत सिन्हा ने भी राठी जी के जन्मोत्सव पर उनके तमाम कार्यो की प्रशंसा की। रिटायर्ड एस डी ओ श्री मनोज गुप्ता ने राठी जी को जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए उनके यशस्वी जीवन की कामना की। भट्ट सर जी ने राठी भैया को समाज के लिए एक समर्पित व्यक्तित्व बताया। सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने राठी जी के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके संवेदनशील होने की बात कही। श्रीमती भावना हड़प ने राठी जी के जन्मदिन पर आयोजित समारोह की भूरि भूरि प्रशंसा की। चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष श्री अनूप शर्मा ने कहा कि राठी भैया जी की भूमिका चेंबर में भी अत्यंत सराहनीय है। वे शैक्षिक हो या व्यवसायिक या सामाजिक हर क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देते रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री भूपेंद्र तिवारी ने लक्ष्य के प्रति एक निष्ठ हो कार्य करते हुए राठी भैया को जन्मदिन की शुभकामनायें दी। संगीत ग्रुप के द्वारा जो प्रस्तुती दी गई उसने लोगों का आत्म विभोर कर दिया। इस अवसर पर कांकेर शिक्षा समिति के प्रो.नवरतन साव,राजगोपाल कोठारी,रामशरण जैन यशवंत सिन्हा,मोहन सेनापति, चेंबर आफ कामर्स के महामंत्री दिनेश रजक, निर्मल माहेश्वरी, संगीत ग्रुप के गुलजार शर्मा,अवधेश लारिया, रीना लारिया,सोमेश्वर प्रसाद गंजीर,संतोष शर्मा, नवीन शर्मा, मयंक, दिलीप पटेल,संजय मंसानी,चेंबरबर आफ कामर्स के महामंत्री दिनेश रजक, वरिष्ठ आचार्य संतोष श्रीवास्तव,अमरिका रवानी, रूख्मणी साहू, गायत्री शर्मा, समीर कोठारी, हिमाशु कोठारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### 24 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होगी ग्राम सभा

**रायगढ़, 17 जून।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 24 जून को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं के लिए समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण में शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, आवश्यक संशोधन (करेक्शन) तथा प्रतीक्षा सूची के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाओं में वीबीजी राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से ग्राम सभा में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग पार्टनर से आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 18 जून।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं के चयन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक एवं पात्र संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई शाम 5 बजे तक है, जबकि प्राप्त आवेदनों को 8 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे से खोला जाएगा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी ने बताया कि चयनित प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से जिले में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक संस्थाएं जिला प्रशासन रायगढ़ https://raigarh.gov.in एवं संबंधित विभाग की वेबसाइट https://cssda.cg.nic.in का अवलोकन कर सकते हैं। साथ ही कार्यालय के सूचना पटल से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### 24 जून की ग्राम सभाओं में विकसित भारत मिशन पर होगा विशेष मंथन

**रायगढ़, 18 जून।** विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर साकार करने की दिशा में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून को आयोजित होने वाली ग्राम सभाएं विशेष महत्व की होंगी। इन ग्राम सभाओं में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी- जीराम जी के संबंध में व्यापक चर्चा की जाएगी तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उनका अनुमोदन किया जाएगा।ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को मिशन की प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्यों एवं संभावित लाभों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की प्राथमिकताओं को चिन्हांकित करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। शासन का उद्देश्य है कि गांवों की वास्तविक आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच सके।वीबी-जीराम जी के अंतर्गत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत जल सुरक्षा एवं जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम सभाओं में इन सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए ऐसे कार्यों की पहचान की जाएगी, जो गांवों के दीर्घकालीन विकास में सहायक सिद्ध हों।ग्राम सभाओं में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि 1 जुलाई 2026 के बाद प्रारंभ किए जाने वाले प्रस्तावित विकास कार्यों का अनुमोदन पूर्व में ही प्राप्त कर लिया जाए।

### रोजगार मेला 23 जून को

**धमतरी, 18 जून।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 23 जून को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर, सिक्युरिटी गार्ड, डिप्टी एडवाईजर, बीमा सखी एवं इंश्योरेंस एडवाईजर के कुल 690 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक उत्तीर्ण हो, वे प्लेसमेंट कैम्प में ऑनलाईन आवेदन कर अपने सभी शैक्षणिक, तकनीकी प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रभारी मंत्री ने किया पौधारोपण

**धमतरी, 18 जून ।** राजस्व एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा आज धमतरी जिले के संबलपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषि मेला में शामिल हुए । उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिसर में पौधारोपण किया । इस अवसर पर महापौर नगर निगम श्री रामू रोहरा सहित अतिथियों ने भी पौधा रोहण किया ।मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे इस अभियान से प्रेरित होकर आज देशभर में लाखों लोग अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही नहीं, बल्कि उनकी उचित देखरेख कर वृक्ष रूप में विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से नगर की स्वच्छता में सहभागिता निभाने की अपील भी की।

---

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रायगढ़ के सिंदूर पार्क में तीन दिवसीय भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

# विश्व मंच पर नई पहचान बना रहा भारत, विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर :देवेंद्र प्रताप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 18 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायगढ़ के सिंदूर पार्क में आयोजित तीन दिवसीय भव्य फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ आज राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में महापौर श्री जीवर्धन चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, गरीब एवं वंचित वर्गों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल मिला है, वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों को सुरक्षा प्रदान की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है, जबकि जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ग्रामीण संपर्कता में आई क्रांतिकारी वृद्धि, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा तथा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश डिजिटल, आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त हुआ है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, किसानों की आय वृद्धि तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। उन्होंने नागरिकों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने का आह्वान किया।सिंदूर पार्क में आयोजित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों को आकर्षक चित्रों, ग्राफिक्स, तथ्यात्मक आंकड़ों एवं सफलता की कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

---

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों के आत्मीय स्वागत के साथ पंचपारा संकुल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जून।** ग्रीष्मावकाश के पश्चात नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ पंचपारा संकुल के सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरित कर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मनीष सिन्हा, स्थानीय सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक चंदन लगाकर अभिनंदन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही संकुल के सभी विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन कार्य भी प्रारंभ हो गया। लंबे अवकाश के बाद विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल और किलकारियों से पुनः जीवंत नजर आए। विद्यार्थियों में नए सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालयों में भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, गुरु वंदना, गायत्री मंत्र एवं दीप मंत्र का सामूहिक गायन किया गया। वहीं मध्यान्ह भोजन से पूर्व भोजन मंत्र के साथ विद्यार्थियों को भोजन कराया गया तथा विद्यालय की छुट्टी राज्य गीत एवं शांति पाठ के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती चंद्रकांता खरे, संकुल समन्वयक श्री श्रवण साव, विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण का संदेश दिया।

---

प्रशिक्षण



### लैलूंगा में पहाड़ी कोरवा परिवारों के सर्वे के लिए सर्वे दलों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**रायगढ़, 18 जून।** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों के समग्र विकास और शासन की योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत लैलूंगा के सभा कक्ष में मंगलवार को पहाड़ी कोरवा परिवारों के हाउसहोल्ड डाटा कैप्चर कार्य हेतु गठित सर्वे दलों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में लैलूंगा विकासखंड के सभी सर्वे दलों को मोबाइल आधारित सर्वे एप्लीकेशन के माध्यम से परिवारों की जानकारी संकलित करने, दस्तावेजों के सत्यापन, पात्रता निर्धारण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के संतृप्तिकरण संबंधी जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य सर्वे कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया।

---

# मुकडेगा एवं हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का होगा निर्माण एवं उन्नयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जनकल्याणकारी नेतृत्व और प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी की विकासोन्मुखी सोच के परिणामस्वरूप रायगढ़ जिले के ग्रामीण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 3 करोड़ 20 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत लैलूंगा विकासखंड के मुकडेगा तथा धरमजयगढ़ विकासखंड के हाटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण एवं उन्नयन किया जाएगा। इस पहल से हजारों ग्रामीणों, आदिवासी परिवारों और खनन प्रभावित समुदायों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

स्वीकृत राशि में लैलूंगा विकासखंड के मुकडेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण एवं उन्नयन हेतु 1 करोड़ 20 लाख 30 हजार तथा धरमजयगढ़ विकासखंड के हाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 1 करोड़ 99 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य दूरस्थ और खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा ग्रामीणों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य केंद्रों के विकसित होने के बाद स्थानीय लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के उपचार, प्राथमिक चिकित्सा, टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। गांव के समीप ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। रायगढ़ जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब इन स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण और उन्नयन से क्षेत्र के नागरिकों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय या अन्य बड़े अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ग्रामीणों का परिवहन खर्च कम होगा, समय की बचत होगी और गंभीर परिस्थितियों में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह पहल विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाइयां, टीकाकरण और प्रसव संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा तथा जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इसके अलावा नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण संबंधी सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सकारात्मक परिवर्तन आने की उम्मीद है। लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता, सीजीएमएससी बिलासपुर को इन कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परियोजनाओं की निर्माण अवधि 180 दिन निर्धारित की गई है, जिससे निर्धारित समय में ग्रामीणों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। शासन के निर्देशानुसार निर्माण कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। निर्माण स्थल पर सूचना फलक स्थापित किए जाएंगे तथा कार्य की प्रत्येक प्रगति का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे धन का सही उपयोग सुनिश्चित होगा और निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जा सकेगा। रायगढ़ जिले के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लिए यह स्वीकृति केवल भवन निर्माण की परियोजना नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित भविष्य और समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

# जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर फोकस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 जून।** जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, निवेश संबंधी लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा औद्योगिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती अंजू नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्पंज आयरन एवं पावर प्लांट इकाइयों के प्रतिनिधि, शासन से एमओयू निष्पादित इकाइयों तथा आईओआई प्रमाण-पत्र धारित उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य महाप्रबंधक ने एजेंडा बिंदुओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करते हुए निवेश संवर्धन एवं औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस दौरान जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने तथा सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, परियोजना प्रतिवेदन, उत्पादन प्रमाण-पत्र, मंडी शुल्क एवं स्टाम्प शुल्क छूट तथा मार्जिन मनी अनुदान से जुड़े लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित विभागों को इन मामलों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया। औद्योगिक विकास से जुड़े आधारभूत विषयों के अंतर्गत लैंड बैंक, औद्योगिक भूमि, निजी भूमि अर्जन एवं शासकीय भूमि हस्तांतरण से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। साथ ही केंद्र सरकार की निवेश प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

बैठक में जिला स्तर पर लंबित इंडस्ट्रियल क्लीयरेंस, एमओयू, इन्विटेशन टू इन्वेस्ट तथा अभिस्वीकृति पत्र प्राप्त इकाइयों की स्थापना में आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। उद्योग प्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं लंबित मामलों को रखा, जिनके समाधान के लिए आवश्यक समन्वय एवं कार्यवाही पर विचार किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे ने उद्योग प्रतिनिधियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में लीज पर आवंटित भूमि के खसरों के दुरुस्तीकरण से जुड़े मामलों तथा धरमजयगढ़ में प्रस्तावित एग्रो प्रोसेसिंग सेक्टर परियोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक के अंत में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायगढ़ की मुख्य महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

---

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 की तैयारियों पर जोर



**रायगढ़, 18 जून।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनपद पंचायत घरघोड़ा एवं जनपद पंचायत रायगढ़ के सभा कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सभी घटकों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ द्वारा की गई, जिसमें दोनों जनपदों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की ब्लॉक स्तरीय टीम उपस्थित रही।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं की प्रगति का आकलन किया।

स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, 4-डस्टबिन प्रणाली एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष निर्देश समीक्षा बैठक के दौरान एसडब्ल्यूएम रुल्स 2026 के तहत ग्राम पंचायतवार (जीपी-वाईस) एक्शन प्लान की गहन समीक्षा की गई। सभी ग्राम पंचायतों को निर्धारित श्रेणीकरण के अनुरूप अपनी कार्ययोजना तैयार करने तथा समयबद्ध तरीके से उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में घर-घर से कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्रोत स्तर पर सूखे एवं गीले कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देने, 4-डस्टबिन प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने तथा सेग्रीगेशन शेड के नियमित संचालन पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, घरेलू कम्पोस्टिंग को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी व्यवहार परिवर्तन के लिए व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सतत अभियान है। इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों, स्वच्छता रैलियों, ग्राम सभाओं एवं अन्य माध्यमों से लोगों को अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाए।नियमित मॉनिटरिंग और प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बैठक में सितंबर 2026 एवं मार्च 2027 तक निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन 21 जून को

**धमतरी, 18 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून 2026 को जिला मुख्यालय स्थित हरदिहा साहू समाज भवन, रत्नाबांधा रोड, धमतरी में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे तथा सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता करेंगे।राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथियों का नामांकन किया गया है। इसी क्रम में धमतरी जिले के कार्यक्रम हेतु विधायक श्री अजय चंद्राकर को नामित किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

---

# मंत्री टंकराम वर्मा ने प्राकृतिक खेती को बताया स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का आधार

**धमतरी, 18 जून ।** जिले के संबलपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषि मेला में राजस्व एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती केवल कृषि पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण और आत्मनिर्भर किसान की आधारशिला है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति संरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और गांव इसकी आत्मा हैं। पूर्व में कृषि व्यवस्था प्रकृति और पशुधन आधारित थी, जिससे उत्पादन के साथ-साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहता था। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते रासायनिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है तथा अनेक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं।




ऐसे समय में प्राकृतिक खेती की ओर लौटना समय की आवश्यकता है। मंत्री श्री वर्मा ने किसानों को कृषि उपकरण सहित बीज मिनीकिट पौधे वितरित किए । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार भी किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है तथा कृषि को अधिक समृद्ध और टिकाऊ बनाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर आमदी में सरस्वती शिशु मंदिर भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये तथा संबलपुर में किसानों के लिए किसान कुटी निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खाद निर्माण तथा उन्नत कृषि तकनीकों के संबंध में सतत मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रेम साहू ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा पिछले तीन वर्षों से प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर शोध एवं प्रदर्शन कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में गौ आधारित कृषि प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। गाय से प्राप्त गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग कर तैयार जैविक उत्पाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं तथा खेती की लागत को कम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से कम लागत में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान समय में भूमि की घटती गुणवत्ता और बढ़ती उत्पादन लागत को देखते हुए प्राकृतिक खेती एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है।उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जिले में एक जून से 30 जून तक ''खेत बचाओ अभियान'' संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा हरित खाद के महत्व की जानकारी दी जा रही है। अभियान के तहत किसानों को हरित खाद एवं दलहनी फसलों के बीजों के उपयोग के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विस अध्यक्ष सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी व शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का किया अनावरण

**आडिटोरियम के लोकार्पण सहित चौपाटी सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर में छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, छत्तीसगढ़ राज्य सहकरी बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा -अर्चना कर नमन किया। इसके पश्चात भाटापारा स्थित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे परिसर में शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोन्डे जिन्होंने 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए थे, उन्हें पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परिसर् पर स्थापित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा आने वाले पीढी के युवाओं के लिये प्रेरणा बनेगी।उन्होंने इस अवसर पर शहीद के परिजनों से आत्मीय भेंट किया।

वही महाविद्यालय परिसर मे 8 करोड़ की लागत से बने आडिटोरियम का लोकार्पण सहित शहर के फ्लिटर प्लांट मे बनने वाले व्यावसायिक परिसर, चौपाटी सहित अन्य विकास कार्य 4.50 करोड़ का भूमि पूजन किया इस अवसर पर नवीन आडिटोरियम मे आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह ने कहा आज देश विकास की ओर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की पथ पर निरन्तर आगे बढ रहा है आज भारत भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 4थी अर्थव्यवस्था बन गई है, आज प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र मे सडके बनायी गई है वहीं छ.ग. के किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे जिसे भाजपा सरकार जिसे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 16 प्रतिशत ब्याज दर को 0 प्रतिशत ब्याज किया गया वहीं डा.रमन सिंह ने इस बात की खुशी जाहिर की कि 2016 मे मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल मे शुरू हुए आडिटोरियम का काम आज पूरा हुआ और इसका लोकार्पण किया गया क्योंकि संकल्प कभी अधूरा नही रहता अच्छा काम अच्छे के लिए होता है उन्होंने आगे कहा कि विकास व देश की बात करें तो भाजपा ही देश हित और विकास के बारे मे सोचती और करती है आज पूरे छत्तीसगढ़ के कोने कोने मे चमचमाती सडके सहित अन्य विकास कार्य भाजपा सरकार की देन है।

कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक शिवरतन ने संबोधित करते हुए कहा भाटापारा का विकास काम डा. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल मे बहुत ही तेजी से हुआ शर्मा ने कहा 30 जनवरी 1976 को शुरू हुए शाखा नहर का काम 5 साल मे पूरा किया जाना था लेकिन शाखा नहर का काम अधूरा पडा रहा जिसके लिए काफी संघर्ष किया और डा. रमन सिंह ने इसके लिए स्वीकृति प्रदान की और शाखा नहर मे पानी आया और किसानो को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया ऐसे कई काम डा. साहब ने यहां के विकास के लिए करवाये हैं। वहीं शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन मे कहा भाटापारा जिले की मांग को लेकर प्रतिनिधि मण्डल जाते हैं, उन्हे डा . रमन सिंह को उनके द्वारा कराये गये विकास कार्यो के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित करना चाहिए, शर्मा ने जिला की बात करने वालो को कहा कि भाटापारा जिला भाजपा के कार्यकाल मे बनेगा। न.पा.अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि आप सभी जनता के आशीर्वाद से यहां पहुंचा हूं भाजपा पर आपने जो विश्वास दिखाया है उसी के चलते काम कर रहा हूं। इसके अलावा उच्च शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा, अनुराग सिंह देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष योगेश अनंत, न.पा.उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, के अलावा बडी संख्या मे लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल ने किया।

# वार्ड में आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त करने नोडल अधिकारियों से एवं माह अंत तक नये डिमाण्ड तैयार करने राजस्व प्रभारियों दिए निर्देश

## महापौर एवं कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

**कलेक्टर ने बिजली, पानी, सफाई एवं निर्माण के अलावा प्रधानमंत्री आवास, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा सोलर पेनल लगाने प्रेरित करने नोडल अधिकारियो को दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 जून।** महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज वार्ड के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की निगम सभागृह में बैठक लेकर वार्डो में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य तथा निगम द्वारा संचालित अन्य व्यवस्था के संबंध में वार्डवार प्रगति की जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए।

बैठक में महापौर यादव ने कहा कि वार्डो के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का तात्पर्य निगम द्वारा वार्डो में दी जा रही मूलभूत सुविधा तथा अन्य सम्पूर्ण व्यवस्था का आकलन कर व्यवस्था में सुधार करना है। निर्माण कार्य की वस्तु स्थिति देखकर उसकी पूर्णता पर जोर देना है। ताकि नागरिको को को सभी आवश्यक सुविधाए सुचारू रूप से मिल सके। उन्होने कहा कि इसके लिए वार्ड प्रभारी नियमित रूप से वार्डो का निरीक्षण कर प्लान तैयार कर कार्य करें।

महापौर यादव ने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि सभी वार्डो में निर्माण कार्य के लिए पार्षदो से प्रस्ताव लिया जा रहा है, जिसका अतिशीघ्र प्राक्कलन तैयार करना है, ताकि उसे स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा सके। उन्होनें राजस्व प्रभारियो से कहा कि नये निर्धारित दर के अनुसार डिमाण्ड तैयार कर वसूली किया जाना है, इस हेतु माह अंत तक डिमाण्ड दुरूस्त करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि कई करदाताओ की वसूली के लिए नही आने की शिकायत प्राप्त होती है, सभी वार्ड प्रभारी प्रतिदिन वार्ड मे जाकर वसूली करेंगे और इसका फोटो ग्रुप में साझा करेंगे।

कलेक्टर यादव ने बैठक में कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव महोदया ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान समीक्षा बैठक में जो निर्देश दिए थे, उसका पालन करना है। शासन द्वारा राजनांदगांव में विकास कार्य के लिए विभिन्न मदो में जो स्वीकृति दिए है उसका क्रियान्वयन करना है, ताकि शहर की तस्वीर बदल सके। उन्होंने कहा कि आप लोगो ने स्वच्छता में बेहतर काम किया है, अन्य शहरो की अपेक्षा हमारा शहर साफ है। इसी प्रकार के कार्य करना है।

कलेक्टर यादव ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने वार्ड में रोड, नाली की सफाई, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य को प्राथमिकता देगे। वार्डो में डस्टबिन वितरण हुआ है उसकी मानटिरिंग करेंगे, ताकि लोग घर में ही कचरा पृथक कर स्वच्छता दीदीयो को देगे। उन्होंने कहा कि आगामी बारिश को देखते हुए नाली नालो की सफाई तथा पानी भरान क्षेत्र को चिन्हांकित कर उसके निराकरण की दिशा में कार्य करेंगे। वर्तमान में मुक्कडो की संख्या कम हुई है और वहा रंगरोगन कर सौदर्यीकरण किया गया है, इसके लिए संबंधित बधाई के पात्र है। सार्वजनिक शौचालयो मे साफसफाई तथा अन्य सुविधा का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करावे। उन्होंने गंदे पानी कम पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करे।

कलेक्टर ने निर्माण कार्य की सत्त मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। रोड में अतिक्रमण को चिन्हांकित कर उसे हटाने संबंधित को समझाईस देकर हटाना सुनिश्चित करे। उन्होंने शासन से स्वीकृत पेयजल के लिए टंकी निर्माण, पाईप लाईन विस्तार कार्य की जानकारी लेकर कार्य में प्रगति लाने कहा तथा एसटीपी निर्माण के प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए। उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर सभी शासकीय एवं निजी भवनो व घरो में लगाने कार्यवाही करने निर्देशित किए। उन्होंने शहरी क्षेत्र में वृक्षारोपण की आवश्यकता को देखते हुए उस पर जोर देकर स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी वर्षा ऋतु में पीपल के पौधे रोपण हेतु अभियान चलाया जायेगा, इसके लिए स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहर में सोलर पेनल लगाने नागरिको को प्रेरित करने नोडल अधिकारियो से कहा। उन्होने कहा कि शहर में अब तक 12 सौ कनेक्शन लगे है, जबकि हमारे शहर में 43 हजार घर है। इसे प्राथमिकता देकर लोगो को सोलर पेनल लगाने जागरूक करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में एएचपी एवं बीएलसी के तहत बने मकानो की जानकारी ली और आवास आबंटित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि आवास आबंटन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नही की जायेगी। बारिश के पूर्व पात्र हितग्राहियो को आवास आबंटित करने के निर्देश दिए।

बैठक के प्रारभ में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने महापौर यादव एवं कलेक्टर यादव का स्वागत कर वार्ड विजिट के दौरान नोडल अधिकारियो द्वारा वार्डो में किए जाने वाले कार्यो की बिन्दुवार जानकारी दी। अंत में उन्होंने महापौर एंव कलेक्टर के निर्देशो का पालन कर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी नोडल अधिकारी प्रतिदिन वार्ड विजिट करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कार्यपालन अभियंता सहित नोडल अधिकारी एवं राजस्व प्रभारी उपस्थित थे।

## भारतीय मजदूर संघ की बैठक में दी कार्यक्रमों की जानकारी

**भिलाई, 18 जून।** बीएमएस की कार्यसमिति बैठक 12 जून को जिला कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष रवि चौधरी की अध्यक्षता एवं विभाग प्रमुख एम.पी. सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संबद्ध यूनियनों के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं कार्ययोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिकों की विभिन्न मांगों की लगातार उपेक्षा किए जाने से प्रदेशभर में असंतोष का माहौल है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से लगातार संपर्क और मांगों के निराकरण के प्रयासों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसी परिस्थिति को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आगामी 1 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में एक लाख श्रमिकों की भागीदारी के साथ विशाल धरना एवं रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।


### नाम परिवर्तन

मैं राजेश कुमार गोंड RAJESH KUMAR GONDH (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता गोपाल गोंड GOPAL GONDH निवासी-ग्राम पिनकापार पोष्ट-पटपर थाना-डोंगरगढ़ तहसील ला.ब. नगर जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम राजेश कुमार गोंड RAJESH KUMAR GONDH (पुराना नाम) से बदल कर डागेश DAGESH पिता गोपाल राम GOPAL RAM (नया नाम) रख लिया हैं ।

**राजेश कुमार गोड़**
**हस्ता. (पुराने नाम से)**

### नाम परिवर्तन

मैं लोकेश्वरी यादव का पुत्र लक्ष्य यादव Lakshya Yadav आ. स्व. महेश यादव (पुराना नाम, जिसे बदला जाना हैं)-निवासी नया थाना चौक, वार्ड नं. 21, डोंगरगढ़ पोष्ट-थाना-तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. ने अपने पुत्र का नाम लक्ष्य यादव Lakshya Yadav (पुराना नाम) से बदलकर भावेश यादव Bhavesh Yadav आ. स्व. महेश यादव Mahesh Yadav (नया नाम) रख लिया हैं ।

**लोकेश्वरी यादव**
**हस्ताक्षर (पुराने नाम से)**
**लक्ष्य यादव की ओर से**
**पालक माता लोकेश्री यादव**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/543/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 11/06/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कैलाश कुमार गिडलानी तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री बिसन कुमार शर्मा पिता श्री शांतिलाल शर्मा वार्ड क्रं. 18 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 18 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**


# महापौर मोतीपुर स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 जून।** नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पहले दिन स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाकर विद्यार्थियों को शाला प्रवेश कराने के तहत मोतीपुर स्कूल में महापौर मधुसूदन यादव के आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान महापौर ने वार्ड पार्षद मनोहर यादव की उपस्थिति में विद्यार्थियों को कापी पुस्तक एवं गणवेश का वितरण कर पढाई के लिए प्रोत्साहित किया। महापौर यादव ने मोतीपुर स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर कर मुहॅ मीठा करा स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में पढाई का बहुत महत्व है। आज गॉव गॉव के बच्चे अच्छी पढाई कर उच्च स्थान प्राप्त कर रहे है। सरकार भी उन्हे प्रोत्साहित करने शासकीय स्कूलो में निजी स्कूलो की तरह सुविधाए दे रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएमश्री योजना लाए है जिसमें बच्चो को आज के परिवेश के आधार पर पढाई कराई जा रही है, जहॉ गरीब बच्चे भी निजी स्कूलो की पढाई के स्तर जैसे अध्ययन कर रहे है। महापौर यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियो को शुभकामना देते हुए गणवेश एवं कापी पुस्तक का वितरण किया। शाला प्रवेश उत्सव अवसर पर मोतीपुर स्कूल के प्रधान पाठक सुधीर कुमार पवार सहित अध्यापक अनिता भोर, प्रतिभार सरजारे, उमाभारती टाक, शोभिता ठाकुर, हितेश कामडे तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21तक योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा-नेवरा, 18 जून।** संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नेवरा योग शिविर प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुमार पाठक, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय. आयुष्मान आरोग्य मंदिर नेवरा के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में 17 जून 2026 से 21 जून 2026 तक पॉच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन क्षत्रिय मनवा कुर्मी भवन तुलसी (तिल्दा-नेवरा) में प्रातः 07 से 09 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका ग्रामीण जन एवं बालक बालिका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयुष क्वाथ, अंकुरित चना मूंग, योग पाम्पलेट का वितरण कर संतुलित आहार के साथ स्वस्थ जीवन शैली के सन्दर्भ में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियंता
### लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

### -: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 01.07.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 32 | 193112 | लोक निर्माण विभाग संभाग नारायणपुर अंतर्गत आवासीय/गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। | 50.00 लाख |
| 02 | 33 | 193113 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.01 नारायणपुर अंतर्गत आवासीय /गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | 35.00 लाख |
| 03 | 34 | 193114 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.02 नारायणपुर (ओरछा) अंतर्गत आवासीय/गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | 15.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। (निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नः एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 01.07.2026 है।**
**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**कांकेर मण्डल कांकेर**

जी-262701541/6

### MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**1st call**

**NIT NO:13/PWD/Zone-2/2026** **RAIPUR DATED: 17/06/2026**

Online bids are invited for the following of works up to Date 09/07/2026 at 17:30 hours.

| Sr.No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate (Rupees in Lakh) | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 193635 | हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्र. 35 अंतर्गत दामाद बाड़ा से मदरसा तक सी.सी. रोड एवं कर्वड नाली निर्माण कार्य | 12.66 | 13000.00 | Class D & above | 03 Months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 18/06/2026 10.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE:-**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-2**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**


**भाटापारा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़ार में**

# शिवरतन ने किया सामुदायिक भवनों का लोकार्पण-भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 जून।** भाटापारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़ार में बुधवार को विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने विधि विधान पूर्वक सरस्वतीपारा सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार एवं निषाद सामुदायिक भवन के आहाता निर्माण तथा चबुतरा रंगमंच निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया.।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा, यह केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का केंद्र है। अब सरस्वतीपारा और निषाद समाज के परिवारों को मांगलिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकें एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। चबुतरा रंगमंच हमारी लोक संस्कृति को नई पहचान देगा। गांव का विकास, हमारी प्राथमिकता है। हर ग्रामवासी तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना ही हमारा संकल्प है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, , जनपद पंचायत सभापति ठाकुरराम साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा एवं जिला किसान मोर्चा महामंत्री डब्लूसिंग ठाकुर, मंडल महामंत्री खुमान वर्मा, बुधेश्वर वर्मा, सुरेश वर्मा मंचासीन रहे। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच हीरामणी किर्ती कुमार ध्रुव, उपसरपंच ज्योति विष्णु ठाकुर, सचिव सालिक राम वर्मा सहित पंचगण बादल ढीमर, ईतरा ढीमर, चंद्रलेखा ध्रुव, यशोदा साहू, विनोद वर्मा, बेनीबाई साहू, शिवकुमार ध्रुव, अनिता साहू, रुपेन्द्र कुर्रे, कुंती साहू, रेखा बंजारे, रघुनाथ निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम कड़ार को मिली इन विकास कार्यों की सौगात पर हर्ष व्यक्त किया।

## एक नजर

### कैबिनेट की बैठक 23 जून को

**रायपुर, 18 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (केबिनेट) की बैठक मंगलवार, 23 जून को सवेरे 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी।

### राम मंदिर में करोड़ों रुपए की चोरी को लेकर राज्यपाल को पत्र

**रायपुर, 18 जून।** छ.ग. स्वर्ण संधर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर अयोध्या राम मंदिर से करोडो रू के सोने चांदी की शिलाएं, हीरे सहित अरबो रूपये के गबन कि जांच कराने कि मांग कि है। संदीप तिवारी ने कहा कि उ.प्र. सरकार कि मंशा निष्पक्ष जांच कि नही दिख रही है क्योंकि अब तक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नही किया जाना दोषियो को प्रत्यक्ष रूप से संरक्षण देना लगा रहा है इसलिए महामहिम महोदया से निवेदन है कि इस प्रकरण पर लोकभवन का हस्ताक्षेप जरूरी हो गया है और उच्चस्तरीय जांच कराने की आवश्यकता है। इस प्रकरण से करोडो लोगो की भावना आहत हुई है। संदीप तिवारी ने बताया कि देश विदेश से पूजित होकर अयोध्या लाई गई सोने,चांदि,हीरे एवं अष्टधातु से निर्मित हजारों की संख्या में राम लला की शिलाएं गायब हो जाना देश के करोडो लोगो को सकते मे डालने वाला है, कई हिन्दु संगठनो द्वारा उक्त संबध में उचित कार्यवाही की मांग की जा रही है। खबरो के अनुसार पांच फरवरी 2020 को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के खाते में साढे आठ करोड रूपाये जमा दिखाया गया जिसमें बहुमुल्य शिलाओं का जिक्र नही किया गया था। प्रभु राम के मंदिर में भ्रष्टाचार होना सत्ता पक्ष के ऊपर एक प्रश्न चिन्ह लगने जैसा है और दोषियों के ऊपर अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करना सरकार और मंदिर प्रबन्धन की कार्य शैली को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

### एमेज़ॉन नाउ का विस्तार

**रायपुर, 18 जून।** आज एमेज़ॉन ने 100 से अधिक स्पेशियलाईज़्ड अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर्स लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जिसके अंतर्गत एमेज़ॉन नाउ पर मौजूदा हजारों जरूरी वस्तुओं के मुकाबले चार गुना ज्यादा सलेक्शन उपलब्ध हो सकेगा। ये सेंटर प्राईम डे 2026 से पहले ग्राहकों को वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वेलरी, शू, लगेज़, वॉच, वायरलेस म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट, फर्नीचर आदि की पेशकश करेंगे। साथ ही, ग्रोसरी (फल, सब्जी और फ्रोजन फूड सहित), पर्सनल केयर, फैशन एवं ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्मॉल अप्लायंसेज, बेबी प्रोडक्ट्स, पेट सप्लाई और हैल्थकेयर सप्लीमेंट आदि प्रोडक्ट भी मिनटों में डिलीवर होंगे। ये अर्बन फुलफिलमेंट सेंटर एमेज़ॉन नाउ का विस्तार 100 से अधिक शहरों में करने की घोषणा को आगे बढ़ाएंगे। ये 1,000 से अधिक माईक्रो फुलफिलमेंट सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर की एक नई परत के रूप में काम करेंगे। इन्हें तेज डिलीवरी स्पीड बनाए रखते हुए सलेक्शन का विस्तार करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। ये सेंटर बैंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में शुरू किए जाएंगे।

# राजधानी में जल संकट राज्यपाल ने लिया संज्ञान



**रायपुर, 18 जून।** राजधानी रायपुर में गंभीर जल संकट पर राज्यपाल रमेन डेका ने संज्ञान लिया है. उन्होंने गजराज बांध को शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोगी बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने आज लोकभवन में नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे और अतिरिक्त आयुक्त विनोद पाण्डेय को बुलाकर इस दिशा में त्वरित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए.

कमल विहार स्थित लगभग 230 एकड़ क्षेत्र में फैले गजराज बांध को रायपुर शहर के लिए एक विशाल पेयजल भंडार के रूप में विकसित करने की योजना पर जोर दिया गया है. राज्यपाल डेका ने कहा कि वर्तमान में सिंचाई कार्यों में उपयोग नहीं हो रहे इस बांध की आवश्यक मरम्मत कर इसे रायपुर शहर की लाइफलाइन बनाया जा सकता है. बांध को पेयजल भंडार के रूप में विकसित करने से शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में बड़ी सहायता मिलेगी.

राज्यपाल ने महापौर को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस दिशा में शीघ्र आगे बढ़ने के लिए दिशा-निर्देश दिए. राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि बांध की मरम्मत और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

## मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने प्रतिबद्ध : किरण देव

**रायपुर, 18 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने केंद्र सरकार द्वारा



चाँपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना के लिए 755 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। देव ने इस सौगात के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढाँचे) को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। चाँपा-कोरबा रेल मार्ग छत्तीसगढ़ के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण रेल खण्डों में से एक है। इस मार्ग पर तीसरी लाइन के निर्माण से क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि कोरबा छत्तीसगढ़ की ऊर्जा और औद्योगिक राजधानी है। तीसरी रेल लाइन बनने से कोयले, बिजली उत्पादन सामग्री और अन्य भारी उद्योगों के कच्चे माल का परिवहन बेहद आसान हो जाएगा। इससे उद्योगों की क्षमता बढ़ेगी और नए निवेश के रास्ते खुलेंगे। वर्तमान में इस रूट पर मालगाड़ियों के भारी दबाव के कारण यात्री ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित होती है। तीसरी लाइन बनने से ट्रेनों के परिचालन में सुगमता आएगी।

## केनरा बैंक के आशीष गोयल सम्मानित



**रायपुर, 18 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला में पीएम स्वनिधि योजना के सफल क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को वित्तीय सेवाओं से जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान के लिए केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के आशीष गोयल को महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योजना से जुड़े हितग्राहियों को विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

# गर्मी में स्कूल खोलने की जिद बच्चों की तबियत हो रही खराब


**रायपुर, 18 जून।** गर्मी के चलते स्कूलों में बच्चों की तबियत बिगड़ने के लिए शिक्षा मंत्री को दोषी ठहराते हुये प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की 16 जून को स्कूल खोलने की जिद्द छोटे-छोटे मासूम बच्चों पर भारी पड़ रही है। बच्चे एवं पालक मजबूरी एवं दबाव में बच्चों को स्कूल भेजे। स्कूल के पहले दिन ही प्रार्थना में बच्चों की तबियत बिगड़ने लगी। शिक्षक भी परेशान है। प्रदेश में पालक एवं कांग्रेस ने गर्मी को देखते हुए 1 जुलाई से स्कूल खोलने की मांग की थी, लेकिन एयरकंडीशन दफ्तर में बैठकर शिक्षा मंत्री को गर्मी की तपिश का एहसास नहीं हुआ। 16 जून को स्कूल खोलकर बच्चों की स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया। स्कूलों में न पंखा है, न कूलर है, न पानी की पीने की व्यवस्था है। पुस्तक, स्कूल ड्रेस भी नहीं पहुँचा है, ऐसे में स्कूल खोलने की क्या हड़बड़ी थी?

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा मंत्री को पालकों एवं बच्चों की मांग को सुनना चाहिये। स्कूल को 1 जुलाई तक स्थगित करना चाहिये। बच्चों को ऑनलाईन पढ़ाई करवाना चाहिए। कोविड कॉल में लंबे समय तक स्कूल बंद रहा, उस दौरान ऑनलाईन पढ़ाई हो रही थी। परीक्षा भी संपन्न हुए, उसके बेहतर परिणाम आये थे। ऐसे में शिक्षा मंत्री हठधर्मिता छोड़े एवं तत्काल स्कूल को 1 जुलाई तक बंद करे। ये बच्चों के स्वास्थ्य के हित में होगा।

## सोसायटियों में खाद, बीज नहीं मिलने से किसान परेशान

**रायपुर, 18 जून।** खाद संकट के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जिम्मेदार बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि खाद की उपलब्धता किसानों की आवश्यकता के मुकाबले बेहद कम है, खरीफ की बुआई और थरहा का काम प्रभावित हो रहा है, विशेष तौर पर डीएपी और यूरिया का भंडारण सोसाइटियों में कम किया गया है, जिसकी वजह से ही किसानों को निजी श्रोतों से अनाप शनाप दाम में खाद खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है, इसी का लाभ उठाकर सत्ता के संरक्षण में नकली खाद भी खपाया जा रहा है, पलारी क्षेत्र के सुन्दरावन में नकली खाद खपाने का मामला सामने आया है, जिस पर प्रशासन, कृषि विभाग और सरकार की भूमिका भी संदिग्ध है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार का खुद का दावा है कि खरीफ सीजन 2026-27 के लिए सहकारी समिति में खाद का लक्ष्य 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन का है, लेकिन अब तक कुल वितरण केवल 4 लाख 10 हजार मीट्रिक टन खाद का हुआ है, अर्थात खुद के ही तय कुल लक्ष्य का केवल 26 प्रतिशत खाद अब तक किसानों को उपलब्ध हो पाया है।

# राज्यपाल ने किया लोकसभा अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत



**रायपुर, 18 जून।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के रायपुर आगमन पर लोकभवन में उनका गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ स्वागत किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने बिड़ला का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

लोकभवन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। राज्यपाल डेका ने लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला को शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी उनसे मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## अभी तक नहीं मिली मई माह की पेंशन

**रायपुर, 18 जून।** छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालायीन पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र एवम महासचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के सेवानिवृत कर्मचारियों को आज जून माह के 18 दिन व्यतीत हो गये मई माह का पेंशन पेंशनरों को अभी तक नहीं मिला है पिछले माह भी 13 दिन विलम्ब से पेंशन मिला था पेंशनरों में निराशा और घोर आक्रोश ब्याप्त है। 1 मई से 10 जून तक छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार में प्रदेश भर में नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए जगह जगह शिविर लगा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये थे हमारी पेंशन / छ्ठ एरियर्स का भुगतान तत्काल किया जाए।

## 24.84 बल्क लीटर अवैध देशी शराब जब्त

**रायपुर, 18 जून।** आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल पदुम सिंह एल्मा,कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के निर्देश एवं प्रभारी उपायुक्त आबकारी राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध रूप से मदिरा धारण करते हुए पाए जाने पर ग्राम दोंदेकला थाना विधानसभा जिला रायपुर निवासी गीतांजलि वर्मा के अधिपत्य के रिहायशी मकान से 138 नग पाव शोले मसाला मदिरा मात्रा 24.84 बल्क लीटर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर आरोपिया को जेल दाखिल किया गया।

# जीएसटी कानून की सही जानकारी ही व्यापारियों की सबसे बड़ी सुरक्षा



**रायपुर, 18 जून।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय, पगारिया कॉम्प्लेक्स, पंडरी में एक महत्वपूर्ण जीएसटी जागरूकता एवं अनुपालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारियों, उद्यमियों, करदाताओं, ट्रांसपोर्टर्स एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जीएसटी कानून, विभागीय जांच, नोटिस, समन, ऑडिट, फर्जी आईटीसी तथा व्यापारियों के कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। स्वागत उद्बोधन प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध जीएसटी विशेषज्ञ सीए जितेन्द्र सिंह खनूजा का स्वागत प्रदेश चेयरमैन जितेन्द्र दोशी एवं विक्रम सिंहदेव द्वारा किया गया। स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान जीवत बजाज एवं सुरेन्द्र सिंह ने किया।

# कलेक्टर ने नीट परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**रायपुर, 18 जून।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कल नीट परीक्षा के केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने सेरीखेड़ी, उपरवारा, माना बस्ती माना कैम्प और डुमरतराई के मिन्टु शर्मा स्मृति हायर सेकेडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बारिश की संभावना देखते हुए विधार्थियों की फ्रिस्किंग शेड वाले जगह पर किया जाएं। डॉ सिंह ने केन्द्र में पेयजल शौचालय इत्यादि की व्यवस्थाओं करने का निर्देश दिए। साथ ही यह ध्यान रखें कि केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग न किया जाए।

उल्लेखनीय है कि जिले में 25 परीक्षा केन्द्र हैं जिसमें 9 हजार 50 विद्यार्थी उपस्थित होंगे। इस परीक्षा में 3 हजार 3 सौ 48 पुरूष, 5 हजार 6 सौ 65 महिला एवं 37 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश आधे घण्टे पहले 1:30 बजे तक दिया जाएगा तत्पश्चात् प्रवेश द्वारा बंद कर दिया जाएगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि जिस स्कूल में केन्द्र है वहां पर आने जाने का रास्ता अच्छा हो। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण एसपी श्रीमती श्वेता सिन्हा, जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एडिशन एसपी ग्रामीण प्रशांत शुक्ला, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किंडों एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के समय सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्रों में फर्नीचर, बिजली, पंखा, साफ-सफाई, पेयजल, वॉशरूम की सफाई, पार्किंग, दीवाल घड़ी की व्यवस्था, जनरेटर (डीजी सेट) की व्यवस्था, वीडियोग्राफर की व्यवस्था एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केन्द्राध्यक्ष प्रश्न-पत्र की सील बन्दपेटी रखने के लिए अलग से स्ट्रांग रूम की व्यवस्था करें एवं हर केन्द्र में मेडिकल टीम एवं फ्रिस्किंग टीम की बैठने की व्यवस्था करें।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26